वर्ष 10 अंक 311
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
19 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 दिल्ली में निम्न आय वाले एक तिहाई परिवार अपनी कमाई ... | 06 अलास्का : आगे और बढ़ें तो शायद दृश्य सुहाने आएँगे! | 11 चेतन शर्मा ने बुमराह का समर्थन करते हुए कहा, खिलाड़ियों को फिजियो...







# राजग ने चुना महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार

**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, जो तमिलनाडु की एक प्रमुख ओबीसी जाति से आते हैं और आरएसएस की पृष्ठभूमि से हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक तथा पार्टी के सहयोगी दलों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह घोषणा की।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद राधाकृष्णन के नाम पर फैसला किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि वाले राधाकृष्णन तमिलनाडु के एक वरिष्ठ भाजपा नेता हैं। नड्डा ने ओबीसी नेता और दो बार लोकसभा सदस्य रह चुके राधाकृष्णन (67) को इस संवैधानिक पद पर सर्वसम्मति से चुने जाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने पिछले सप्ताह विपक्षी दलों से बात की थी और आगे भी करते रहेंगे।



नड्डा ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने भाजपा वार्ताकारों से कहा है कि वे सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार के बारे में बताए जाने के बाद ही अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी राधाकृष्णन को लेकर आम सहमति बनाने के लिए उनसे फिर संपर्क करेगी। नड्डा ने राधाकृष्णन को 'राजनेता' बताया।

राधाकृष्णन के रूप में भाजपा ने एक ऐसे नेता पर भरोसा किया है, जिसकी संगठनात्मक और वैचारिक प्रतिबद्धता सिद्ध है। वह अपने पूर्ववर्ती जगदीप धनखड़ से कई मायनों में बहुत अलग हैं।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''सीपी राधाकृष्णन ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समर्पण, विनम्रता और बुद्धिमत्ता के बलबूते खुद की अलग पहचान बनाई।'' उन्होंने लिखा, '''विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर काफी काम किया है।'' प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि राधाकृष्णन एक प्रेरक उपराष्ट्रपति होंगे और संसद में सरकार के एजेंडे को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अपने नाम की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, राधाकृष्णन ने मोदी समेत भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मुझ पर उन्हें जो विश्वास है और उन्होंने मुझे राष्ट्र की सेवा करने का जो अवसर दिया है, उससे मैं अभिभूत हूं। मैं अपनी अंतिम सांस तक राष्ट्र के लिए कड़ी मेहनत करने का आश्वासन देता हूं।''

लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों वाले निर्वाचक मंडल में भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास पर्याप्त बहुमत होने के कारण, राधाकृष्णन का निर्वाचन लगभग तय है। पार्टी को उम्मीद है कि उनकी पदोन्नति से उसे तमिलनाडु में पैठ बनाने में मदद मिलेगी, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। राधाकृष्णन गौंडर जाति से ताल्लुक रखते हैं, जो तमिलनाडु में प्रभावशाली ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय है।

नड्डा ने राधाकृष्णन के लगभग 40 वर्षों के सार्वजनिक जीवन पर जोर देते हुए कहा कि विभिन्न दलों और समाज के विभिन्न वर्गों में उनका सम्मान है।

राधाकृष्णन की पदोन्नति से भाजपा को कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा जाति जनगणना और इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार चुनावों से पहले ओबीसी को राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों पर लुभाने के प्रयासों के खिलाफ जवाबी हमले में भी मदद मिलेगी।

नड्डा ने राधाकृष्णन के लगभग 40 वर्षों के सार्वजनिक जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि विभिन्न दलों में उनका अच्छा सम्मान है और अपने गृह राज्य में समाज के विभिन्न वर्गों में उनका सम्मान है, जहां भाजपा का स्थान दो प्रमुख द्रविड़ क्षेत्रीय दलों - सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक - के बाद आता है। नड्डा ने कोयंबटूर के पूर्व सांसद के बारे में कहा, ''उन्हें एक सम्मानित नेता माना जाता है।'' उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया था और फिर जुलाई 2024 में महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दिया गया था।

अपने पूर्ववर्ती धनखड़ के विपरीत, राधाकृष्णन ने राज्यपाल के रूप में विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से काफी हद तक परहेज किया है।

धनखड़ भी 2022 में राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित होने से पहले उनके जैसे ही राज्यपाल थे।

# शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की, अंतरिक्ष में ले जाया गया तिरंगा उपहार में दिया



**नयी दिल्ली,** (भाषा) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सोमवार को मुलाकात की।

शुभांशु शुक्ला 25 जून 2025 को 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत अंतरिक्ष में गए थे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन रहे और 15 जुलाई को वापस लौटे। शुक्ला ने प्रधानमंत्री से लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

मोदी ने इसरो अंतरिक्ष यात्री की जैकेट पहने शुक्ला को गर्मजोशी से गले लगाकर उनका स्वागत किया और उनके कंधे पर हाथ रखकर उनके साथ चले। शुक्ला ने प्रधानमंत्री को 'एक्सिओम-4 मिशन' का 'मिशन पैच' और वह भारतीय तिरंगा भेंट किया, जो वह अपने साथ आईएसएस ले गए थे। जब शुक्ला और मोदी ने 29 जून को बातचीत की थी, तब आईएसएस पर पृष्ठभूमि में यह भारतीय तिरंगा लहरा रहा था।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''शुभांशु शुक्ला के साथ बहुत बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है।''

लखनऊ में जन्मे अंतरिक्ष यात्री को प्रधानमंत्री मोदी को आईएसएस से ली गई तस्वीरें 'टैबलेट कंप्यूटर' पर दिखाते हुए देखा गया। शुक्ला 'एक्सिओम-4' निजी अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे, जो 25 जून को फ्लोरिडा से रवाना हुआ था और 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा था।




# राहुल ने एसआईआरए को 'वोट चोरी' का नया हथियार बताया

**औरंगाबाद/गयाजी,** (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार में अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान निर्वाचन आयोग पर हमला जारी रखा और कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 'वोट चोरी का नया हथियार' है।



राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन यह भी कहा कि लोकतंत्र में सबकी भागीदारी को किसी हाल में खत्म नहीं होने दिया जाएगा। गांधी ने दूसरे दिन की यात्रा औरंगाबाद के कुटुंबा से शुरू की और रफीगंज होते हुए गयाजी जिले पहुंचे। गयाजी शहर में एक सभा के साथ आज देर शाम दूसरे दिन की यात्रा का समापन होगा। कुटुंबा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार का विधानसभा क्षेत्र है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ इस यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हैं। यात्रा के दौरान गांधी और तेजस्वी यादव ने औरंगाबाद स्थित मशहूर देव सूर्य मंदिर के दर्शन किए। गांधी और तेजस्वी यादव से मिलने के लिए जगह-जगह लोग सड़क किनारे कतारबद्ध खड़े थे।

राहुल गांधी ने ऐसे कई लोगों से मुलाकात की एक तस्वीर अपने व्हाट्सएप चैनल पर साझा की जिनके नाम एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से कथित तौर पर काट दिए गए, जबकि उन्होंने लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। कांग्रेस नेता ने कहा, ''एसआईसीआर वोट चोरी का एक नया हथियार है। इत्तेफाक से इस तस्वीर में मेरे साथ खड़े लोग इस चोरी के 'जीते-जागते' सबूत हैं।'' उन्होंने कहा कि इन सभी लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था, मगर बिहार विधानसभा चुनाव आते-आते भारत के लोकतंत्र से इनकी पहचान, इनका वजूद मिटा दिया गया।

कांग्रेस नेता ने 70 वर्षीय किसान एवं सेवानिवृत फौजी राज मोहन सिंह, 35 वर्षीय दलित महिला उमरावती देवी, पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले 30 वर्षीय धनजेय कुमार बिंद, पूर्व मनरेगा मजदूर 45 वर्षीय सीता देवी (45) और पूर्व मनरेगा मजदूर राजू देवी (55) एवं मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 52 वर्षीय मजदूर मोहमुद्दीन अंसारी से मुलाकात की। उनके मुताबिक, इनके नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, जबकि लोकसभा चुनाव में इन्होंने मतदान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत इन्हें बहुजन और गरीब होने की सज़ा दे रही है। उन्होंने कहा, ''हमारे जवानों तक को नहीं छोड़ा - न वोट रहेगा, न पहचान रहेगी, और न ही अधिकार।''

## न्यूज ब्रीफ

### हैदराबाद में जन्माष्टमी पर्व पर शोभा यात्रा के दौरान पांच लोगों की करंट लगने से मौत

हैदराबाद, (भाषा) तेलंगाना के हैदराबाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शोभायात्रा के दौरान एक वाहन ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया जिससे पांच लोगों की करंट लगने से मौत हो गई और चार अन्य झुलस गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात लगभग डेढ़ बजे रामंथपुर में उस समय हुई जब शोभा यात्रा के दौरान भगवान कृष्ण की मूर्ति वाले एक वाहन को निकाला जा रहा था। सुसज्जित वाहन में ईंधन खत्म हो गया, जिसके बाद नौ लोग उसे खींच रहे थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रथ के रूप में सजाए गए इस वाहन का ईंधन खत्म हो गया और नौ लोग इसे धक्का दे रहे थे तभी एक टूटा हुआ तार वाहन पर रखी भगवान की मूर्ति के चारों ओर लगे पीतल के ढांचे के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घटना में झुलसे चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से एक व्यक्ति को बाद में छुट्टी दे दी गई।

# निर्वाचन आयोग ने बिहार मतदाता सूची से हटाए 65 लाख लोगों के नाम सार्वजनिक किए

**पटना**, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों के नाम सोमवार को सार्वजनिक कर दिये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय के उस निर्देश की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें कहा गया था कि हटाए गए नामों का विवरण 19 अगस्त तक सार्वजनिक किया जाए और 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर 'एएसडी' (अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत) मतदाताओं के नाम प्रकाशित किये, साथ ही इसने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर अमल करते हुए हटाए गए नामों का प्रकाशन ऑनलाइन भी किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के अनुसार, रोहतास, बेगूसराय, अरवल, सीवान, भोजपुर, जहानाबाद, लखीसराय, बांका, दरभंगा, पूर्णिया और अन्य स्थानों के मतदान केंद्रों पर एएसडी सूचियां प्रदर्शित की गई हैं।



बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ''सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 14 अगस्त, 2025 को पारित अंतरिम आदेश के आलोक में... यह अधिसूचित किया जाता है कि ऐसे मतदाताओं की सूची, जिनके नाम वर्ष 2025 (प्रारूप प्रकाशन से पहले) की निर्वाचक नामावली में शामिल थे, लेकिन एक अगस्त, 2025 को प्रकाशित प्रारूप नामावली में शामिल नहीं हैं, उन्हें कारणों (मृत/स्थायी रूप से स्थानांतरित/अनुपस्थित/बार-बार प्रविष्टि) सहित, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, बिहार और राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है।'' उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मसौदा नामावली में शामिल नहीं हैं, प्रकाशित सूची में अपने ईपीआईसी नंबर का उपयोग करके अपनी प्रविष्टि और उसके कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एक अगस्त, 2025 को प्रकाशित मसौदा नामावली में शामिल नहीं किए गए मतदाताओं से संबंधित सूची सभी प्रखंड कार्यालयों, पंचायत कार्यालयों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और मतदान केंद्रों पर भी प्रदर्शित की गई है। सीईओ ने बताया कि इनके जरिये मतदाता अपनी प्रविष्टियों के बारे में जानकारी और कारण जान सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी असंतुष्ट व्यक्ति अपने आधार कार्ड की प्रति के साथ दावा दायर कर सकता है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 14 अगस्त को निर्देश दिया था कि वह बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाये गये 65 लाख मतदाताओं का विवरण प्रकाशित करे और साथ ही उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए।



# भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती: गोयल

## गोयल ने कहा-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 100 दिवसीय एजेंडे पर काम जारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत को तेजी से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए परिवर्तन के अगले 100 दिनों के एजेंडे पर काम कर रही है। भारत दुनिया के सबसे लोकप्रिय उपभोक्ता बाजार और शीर्ष निवेश स्थल के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन आयोजित एक वैश्विक आर्थिक सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय देश की आर्थिक वृद्धि को और तेज करने के लिए बदलाव के अगले 100 दिवसीय एजेंडा पर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कारोबार सुगमता और जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले 100 दिनों में सरकार 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान का पालन करेगी, जिसमें भारत को तीव्र गति से आगे ले जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि इसमें 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के दृष्टिकोण को लागू करने, घोषित किए गए 'पंच प्रणों' का पालन करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है कि प्रत्येक नागरिक 2047 तक भारत को एक समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने का दायित्व अपने ऊपर ले।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रयास से 140 करोड़ भारतीय एक टीम एक परिवार के रूप में एकजुट होकर औपनिवेशिक मानसिकता को मिटाएंगे, भारत के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और परंपरा का सम्मान करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्र की एकता और अखंडता पर ध्यान केंद्रित करेंगे। गोयल ने कहा, ₹आज सुबह एक बैठक में हमने सामूहिक रूप से संकल्प लिया है कि भारत को तेज गति से आगे ले जाने और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण को लागू करेंगे।

# डॉलर की तुलना में मजबूत हुआ रुपया, 21 पैसे की तेजी के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा



नई दिल्ली, । भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ने, कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आने और देश में आर्थिक सुधारों की गति तेज होने की संभावना का असर आज भारत के मुद्रा बाजार में साफ नजर आया। मुद्रा बाजार में बने सकारात्मक माहौल और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की लिवाली के कारण रुपया आज डॉलर की तुलना में मजबूत होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 21 पैसे उछल कर 87.35 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 87.56 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.46 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद के लिए रुपया मामूली फिसलन के साथ 87.48 के स्तर तक भी पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में बने सकारात्मक माहौल के कारण रुपया 24 पैसे की तेजी के साथ 87.32 के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 21 पैसे की उछाल के साथ 87.35 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

फॉरेक्स मार्केट के एक्सपर्ट और टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का मानना है कि एसएंडपी द्वारा भारत की क्रेडिट रेटिंग में सुधार करने की वजह से विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार के प्रति भरोसा बढ़ा है। इसकी वजह से देश में लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म दोनों तरह के विदेशी निवेश में तेजी आने की संभावना बन गई है। इसका असर आज स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की लिवाली के रूप में भी नजर आया, जिसके कारण मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक भी बढ़ गई। इसके साथ कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट ने भी आज रुपये को सपोर्ट दिया। यही वजह है कि आज पूरे दिन रुपया अन्य विदेशी मुद्राओं की तुलना में मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आया। मुद्रा बाजार में आज रुपये ने डॉलर की तुलना में मजबूत प्रदर्शन करने के साथ ही अन्य दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी मजबूती दिखाई।

# स्टार इमेजिंग की स्टॉक मार्केट में सपाट लिस्टिंग, पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को 3.06 प्रतिशत का नुकसान

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में डायग्नॉस्टिक्स और इमेजिंग नेटवर्क चलाने वाली कंपनी स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में सपाट स्तर पर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। सपाट लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर अपने इश्यू प्राइस से भी नीचे जाकर बंद हुआ। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 142 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 142 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से कंपनी के शेयर 134.90 रुपये के स्तर तक गिर गए।

हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के कारण स्टार इमेजिंग के शेयर निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके 137.65 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 4.35 रुपये यानी 3.06 प्रतिशत का नुकसान हो गया। स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब का 69.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 8 से 12 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 5.67 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 12.85 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 4.38 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 55.66 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं।

इसके अलावा 13.80 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा। इसका रेवेन्यू इस दौरान सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 83.79 करोड़ रुपये रहा। वहीं शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़ कर 15.96 करोड़ रुपये रहा।

# आईएफएससी गिफ्ट सिटी से 409 कंपनियों का हो रहा संचालन: सीतारमण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



नई दिल्ली, 18 अगस्त (हि.स)। केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि 31 जुलाई तक गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी यानी इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (जीआईएफटी आईएफएससी) में 409 कंपनियां कार्यरत हैं। इसके अलावा, बैंकिंग, परिसंपत्ति प्रबंधन और अन्य वित्तीय पारिस्थितिकी प्रणालियों को जीआईएफटी आईएफएससी में शामिल और सक्षम किया गया है।

केंदीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, ₹1 अक्टूबर, 2020 से 31 जुलाई, 2025 के बीच ऐसी कंपनियों की संख्या 82 से बढ़कर 409 हो गई है। उन्होंने सदन को बताया कि पिछले पांच वर्षों में सरकार ने गिफ्ट आईएफएससी के विकास के लिए कई प्रगतिशील नीतिगत उपाय किए हैं, जिसमें भारत में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (आईएफएससी) के विकास और विनियमन के लिए एक एकीकृत वैधानिक नियामक के रूप में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) की स्थापना शामिल है।

सीतारमण ने अपने जवाब में कहा कि गिफ्ट आईएफएससी में कारोबार को और अधिक सुगम बनाने के लिए सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम, 2005 के तहत विकास आयुक्त की शक्तियां अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) को सौंप दी हैं। इसके साथ ही आईएफएससी इकाइयों के लिए एकल खिड़की आईटी प्रणाली (एसडब्ल्यूआईटीएस) शुरू करने में सहायता की है।

वित्त मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि कोविड-19 के बाद सरकार ने ऋण को वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 61.4 फीसदी से घटाकर बजट अनुमान 2025-26 में जीडीपी के 56.1 फीसदी तक समेकित कर दिया है। सीतारमण ने एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कमजोर वैश्विक व्यापार के बावजूद भारत के निर्यात क्षेत्र ने लचीलापन रूख दिखाया है। देश का समग्र निर्यात 2024-25 में 824.96 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

# (अपडेट) जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियों का पांच दिवसीय मप्र दौरा आज से, करेंगी करोड़ों का निवेश

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



भोपाल। विदेशी निवेश संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के यूरोप दौरे के फलस्वरूप जर्मन की कंपनियों ने मध्य प्रदेश का रूख किया है। मध्य प्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत आज यानी सोमवार (18 अगस्त) से 22 अगस्त तक पांच अग्रणी जर्मन टेक कंपनियों का दौरा शुरू हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल में टाइलर्स के स्टीवन रैनविक, टैलोनिक के निकोलस, स्टेएक्स के एलेक्सजेन्ड्रा के मिकीटयूक, क्यू-नेक्ट-एजी के मटियास प्रोग्चा और क्लाउड-स्क्विड के फिलिप रेजमूश शामिल हैं। ये कंपनियां वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा इंटीग्रेशन, वर्कफ़्लो ऑटोमेशन, आईओटी और कनेक्टिविटी सॉल्युशंस, एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर तथा डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग एआई तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। इन कंपनियों का अनुभव और तकनीकी क्षमता मध्यप्रदेश के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी। प्रतिनिधिमंडल इंदौर प्रवास के दौरान तकनीकी कार्यशालाओं और रणनीतिक चर्चाओं में शामिल रहेगा। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल आईआईटी इंदौर में इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण करेगा और स्थानीय स्टार्ट-अप्स से संवाद स्थापित करेगा। इसके बाद भोपाल प्रवास के दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें होंगी। यह पूरा कार्यक्रम तकनीकी सहयोग, अनुसंधान और निवेश से जुड़ी ठोस संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रतिनिधि मंडल के बी2बी व्यावसायिक बैठकें और कई तकनीकी साझेदारी के समझौते होंगे। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय निवेश और नई साझेदारियों के द्वार खुलेंगे। इस पहल से प्रदेश के उच्च कौशल वाले हजारों युवाओं के लिये रोजगार सृजित होगे। इससे प्रदेश के युवा वैश्विक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। साथ ही राज्य में नए 'अनुसंधान और विकास' केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यह दौरा मध्य प्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की बुनियाद सिद्ध होगा। इस दौरे से वैश्विक नॉलेज और कटिंग एज टेक्नोलॉजी से ट्रांस्फोर्मेटिव साझेदारी विकसित होगी, जो प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इस पहल से नवाचार हब के रूप में मध्यप्रदेश की स्थिति और सुदृढ़ होगी और आने वाले वर्षों में राज्य को भारत का टेक्नोलॉजी पॉवर हाउस बनाने की दिशा में निर्णायक गति मिलेगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का एक बयान रविवार को सामने आया है, जिसमें उन्होंने बताया कि इसमें मप्र और जर्मनी के बीच व्यापार एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी। मप्र के उद्यमों और जर्मन कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ेंगी। साथ ही तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश अवसरों में वृद्धि होगी। म.प्र. ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है। इसके साथ ही उनका कहना यह भी रहा कि जर्मन कम्पनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा। इससे प्रदेश में अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की वैश्विक तकनीकी साझेदारी से प्रदेश में नवाचार और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना रहा, "यह पहल केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है। ग्लोबल नॉलेज एक्सचेंज और कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से विकसित होने वाली ट्रांस्फ़ॉर्मेटिव साझेदारियाँ प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने में सहायक होंगी।" ये है कार्यक्रम का शैड्यूल इंदौर-उज्जैन (18–20 अगस्त) - 18 अगस्तः आज सबसे पहले इनफोबीन्स मुख्यालय में स्वागत, "बिल्डिंग ग्लोबल स्केल डिजिटल प्रोडक्ट्स फ्रॉम इंडिया" पर प्रेज़ेंटेशन, फाइरसाइड चैट, नेटवर्किंग लंच और वैलकम डिनर। - 19 अगस्तः इनोवेशन लैब टूर, डिजाइन थिंगिंक वर्कशॉप, राउंड टेबल मीट और बीटूबी मैच-मेकिंग और शाम को सांस्कृतिक भ्रमण। - 20 अगस्तः आईआईटी इंदौर और इनक्यूबेशन सेंटर उज्जैन का भ्रमण, स्टार्ट-अप्स से संवाद और साझेदारी चर्चाएँ। भोपाल (21–22 अगस्त) - 21 अगस्तः "इंवेस्ट इन एमपी" राउंडटेबल, एमपीआईडीसी मुख्यालय में बैठकें, बीटूबी मैच-मेकिंग और नेटवर्किंग डिनर।

# स्टॉक मार्केट में मेडीस्टेप हेल्थकेयर की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में लगा लोअर सर्किट

नई दिल्ली। सर्जिकल प्रोडक्ट्स, सैनेटरी पैड्स, एनर्जी पाउडर जैसी चीजें बनाने वाली कंपनी मेडीस्टेप हेल्थकेयर के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि ये खुशी ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण कंपनी के शेयरों पर लोअर सर्किट लग गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 43 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 23.26 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 53 रुपये के स्तर पर हुई। जोरदार लिस्टिंग के बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 50.35 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। पहले दिन के कारोबार में ही लोअर सर्किट लगने के बावजूद शानदार लिस्टिंग के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशक अभी भी 17.09 प्रतिशत के मुनाफे में हैं। मेडीस्टेप हेल्थकेयर का 16.10 करोड़ रुपये का आईपीओ 8 से 12 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 382.14 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 461.11 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 37.44 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मशीनरी की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

# सर्राफा बाजार में चांदी की बढ़ी चमक, सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज 800 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,180 रुपये से लेकर 1,01,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,750 रुपये से लेकर 92,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,180 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# स्टॉक मार्केट में एएनबी मेटल कास्ट की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट




नई दिल्ली। हाई क्वालिटी एल्यूमिनियम प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी एएनबी मेटल कास्ट के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 156 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 5.13 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 164 रुपये के स्तर पर हुई। प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 172.20 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए और उसी स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 10.38 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। एएनबी मेटल कास्ट का 130 करोड़ रुपये का आईपीओ 8 से 12 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2.22 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.04 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 4.29 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.39 गुना सब्सक्राइब हुआ इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का प्रस्तावित विस्तार करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी

## केंद्र ने एमएसएमई क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए कई कदम उठाए : शोभा करंदलाजे

MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
OUR STRENGTH • हमारी शक्ति
Ministry of MSME, Govt. of India

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए कई कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिससे इस योजना का दायरा बढ़ गया है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। करंदलाजे ने सदन को बताया कि एमएसएमई मंत्रालय ने कारोबार में आसानी के लिए एमएसएमई के लिए उद्यम पंजीकरण 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी है। खुदरा और थोक व्यापारियों को 02 जुलाई, 2021 से एमएसएमई के रूप में शामिल करना शाामिल है। करंदलाजे ने बताया कि अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए औपचारिक दायरे में लाने हेतु उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म (यूएपी) का शुभारंभ किया गया। एमएसई के लिए 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण की सुविधा प्रदान करने और रोजगार के अवसरों का विस्तार करने हेतु 9,000 करोड़ रुपये की आवश्यक धनराशि के साथ ऋण गारंटी योजना का पुनर्गठन किया गया। उन्होंने सदन को बताया कि 18 व्यवसायों में लगे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को संपूर्ण लाभ प्रदान करने के लिए 17 सितंबर, 2023 को 'पीएम विश्वकर्मा' योजना का शुभारंभ हुआ।

# क्लीन मैक्स एनवायरो ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

CleanMax
POWERING SUSTAINABILITY

नई दिल्ली। क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ में 1,500 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटरों, निवेशकों के द्वारा शेयरधारकों को बेचने के लिए 3,700 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। देश की सबसे बड़ी वाणिज्यिक और औद्योगिक नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की इस पेशकश में संस्थापक कुलदीप प्रताप जैन द्वारा 321.37 करोड़ रुपये, बीजीटीएफ वन होल्डिंग्स (डीआईएफसी) लिमिटेड द्वारा 1,970.83 करोड़ रुपये, केम्पिनक एलएलपी द्वारा 225.61 करोड़ रुपये, ऑगमेंट इंडिया आई होल्डिंग्स एलएलसी द्वारा 991.94 करोड़ रुपये और डीएसडीजी होल्डिंग्स एपीएस द्वारा 190.25 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री शामिल है। सेबी के समक्ष जमा मसौदा पत्रों के अनुसार कंपनी के इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों का सदस्यता आरक्षण भी शामिल। कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को छूट भी दी जा रही है। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 5,200 करोड़ रुपये जुटाने की है। इस नए निर्गम से प्राप्त 1,125 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी ऋण चुकाने के लिए किया जाएगा, जबकि शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि 2010 में स्थापित ये कंपनी वाणिज्यिक और उद्योग (सीएंडआई) क्षेत्र में अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) प्रदाता है। क्लीन मैक्स को कार्बन उत्सर्जन और कार्बन उत्सर्जन ग्राहकों के लिए शुद्ध शून्य और कार्बन-मुक्ति समाधानों में विशेषज्ञता है।

# दिल्ली के 32 विद्यालयों को मिली बम की धमकी

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी के कम से कम 32 विद्यालयों को सोमवार को बम की धमकी मिली, जिससे दहशत फैल गई और छात्रों को परिसर से बाहर निकालकर जांच करनी पड़ी। हालांकि, बाद में गहन जांच के बाद ये धमकी झूठी साबित हुईं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि सुबह 7.30 बजे से अपराह्न 12.25 बजे के बीच उसे 32 विद्यालयों में बम की धमकी देने वाले ई-मेल आने की सूचना प्राप्त हुई।

अधिकारियों के मुताबिक सूचना के आधार पर त्वारित कार्रवाई की गई और बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ दिल्ली पुलिस की कई टीमें विद्यालयों के परिसरों में पहुंचीं। पुलिस द्वारा यह पुष्टि किए जाने से पहले कि धमकियां फर्जी थीं, प्रत्येक परिसर में गहन तलाशी अभियान चलाया गया।

एक अधिकारी ने बताया, ''तलाशी अभियान पूरा हो गया है और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।'' उन्होंने बताया कि साइबर फोरेंसिक टीमों ने ई-मेल भेजने वाले का आईपी पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

डीएफएस के मुताबिक जिन विद्यालयों को बम होने की धमकी मिली थी, उनमें से अधिकांश द्वारका क्षेत्र के हैं। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, बीजीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, श्री वेंकटेश्वर स्कूल, ग्लोबल स्कूल,



शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल, आदर्श वर्ल्ड स्कूल, द्वारका इंटरनेशनल स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल, वेंकटेश्वर स्कूल, पैरामाउंट इंटरनेशनल स्कूल, सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल, सचदेवा ग्लोबल स्कूल, इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल शामिल हैं। इनके अलावा पालम स्थित होली हार्ट पब्लिक स्कूल, ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल, शिव वाणी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और कैनेडी पब्लिक स्कूल, जेबीएम पब्लिक स्कूल, पश्चिम सागरपुर स्थित जय भारती पब्लिक स्कूल और दीप मॉडल पब्लिक स्कूल; सागरपुर स्थित आरएमएस कॉन्वेंट स्कूल; कापसहेड़ा स्थित वीर पब्लिक स्कूल, बाबा हरिदास नगर स्थित ऑक्सफोर्ड फाउंडेशन स्कूल; डाबरी-पालम रोड स्थित नव ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, कैलाशपुरी एक्सटेंशन स्थिति आरएम कॉन्वेंट स्कूल; दौलतपुर स्थित आरडी इंटरनेशनल स्कूल, धर्मपुरा स्थित सीडीएम स्कूल, ताजपुर खुर्द स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल, नजफगढ़ स्थित श्री राम इंटरनेशनल स्कूल, जयविहार स्थित न्यू सोलंकी मॉडल पब्लिक स्कूल और प्रसाद नगर स्थित आंध्र स्कूल को भी धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ था।

डीपीएस द्वारका ने बाद में सोमवार को छुट्टी की घोषणा कर दी। उसने एक बयान में कहा, ''अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण सोमवार को स्कूल बंद कर दिया गया है। स्कूल बसों और निजी वैन से यात्रा करने वाले छात्रों को तुरंत वापस भेजा जा रहा है, और बस ड्यूटी पर तैनात शिक्षक स्थान की जानकारी साझा करेंगे। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को संबंधित बस स्टॉप से ले जाएं। निजी वाहनों से आने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को सीधे स्कूल से ले जाएं।''

पुलिस के मुताबिक साइबर सेल और विशेष कर्मचारियों सहित कई इकाइयां ई-मेल के स्रोत का पता लगा रही हैं। जांचकर्ताओं को इसमें शरारती तत्वों के शामिल होने का संदेह है, लेकिन उन्होंने सामान्य स्थिति को बाधित करने के लिए संगठित प्रयासों की संभावना से भी इनकार नहीं किया है।

पुलिस के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''हम आईपी लोकेशन का पता लगाने के लिए सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय कर रहे हैं और इस बात की जांच करेंगे कि क्या इस साल अन्य संस्थानों को मिली धमकियों के पीछे भी यही स्रोत है।'' पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अगस्त के बीच, दिल्ली-एनसीआर के लगभग 74 शैक्षणिक संस्थानों - 70 विद्यालयों और चार महाविद्यालयों- को इसी तरह की धमकी मिली हैं।

# दिल्ली में निम्न आय वाले एक तिहाई परिवार अपनी कमाई का 15 प्रतिशत पेयजल पर खर्च करते हैं: सर्वेक्षण

मुंबई, (भाषा) दिल्ली के निम्न आय वाले कम से कम 34 प्रतिशत परिवार अपनी मासिक आय का 15 प्रतिशत हिस्सा पेयजल पर खर्च करते हैं। यहां एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा जारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न 12 इलाकों में किए गए सर्वेक्षण में 'ग्रीनपीस इंडिया' संगठन ने यह भी पाया कि भीषण गर्मी के मुख्य महीनों के दौरान कभी-कभी पानी की आपूर्ति बाधित होती है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''दिल्ली में किए गए एक त्वरित जल 'ऑडिट' में पाया गया है कि सर्वेक्षण किए गए निम्न आय वाले 34 प्रतिशत परिवार अपनी मासिक आय (6,000-10,000 रुपये) का 15 प्रतिशत अंश सिर्फ पेयजल प्राप्त करने पर खर्च कर रहे हैं।'' सर्वेक्षण में कहा गया है कि यह दिल्ली में गहरी असमानता और असंतुलित जल



वितरण प्रणाली को दर्शाता है, जो खास कर गर्मियों के महीनों के दौरान बढ़ जाता है। इस मामले पर दिल्ली सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी। सर्वेक्षण के आंकड़ों से जल की मांग और वास्तविक उपलब्धता के बीच स्पष्ट अंतर सामने आता है। सर्वेक्षण में शामिल 37 प्रतिशत परिवारों को उनके परिवार के सदस्यों की संख्या और जल उपभोग के तरीकों को देखते हुए प्रतिदिन कम से कम 20-25 लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

रिपोर्ट के आंकड़ों में कहा गया है कि हालांकि इनमें से केवल 28 प्रतिशत घरों को ही पर्याप्त मात्रा में पानी मिल पाता है - वह भी तब जब वे इसके लिए भुगतान करते हैं। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) राष्ट्रीय राजधानी में जल आपूर्ति की मुख्य एजेंसी है, जो 9000 किलोमीटर पाइपलाइन और टैंकरों के माध्यम से पानी वितरित करती है।

ग्रीनपीस इंडिया ने शकूरपुर बस्ती, सावदा घेवरा, दया बस्ती, चुन्ना भट्टी, खजान बस्ती, सीमापुरी, सुंदर नगरी, लोहार बस्ती, संगम विहार आदि जैसे अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे समूहों में 500 घरों का सर्वेक्षण करने के बाद यह रिपोर्ट तैयार की है। ग्रीनपीस इंडिया से जुड़ीं वैशाली उपाध्याय ने कहा, ''पानी मूलभूत अधिकार है, लेकिन इन परिवारों के लिए यह रोजमर्रा का संकट है। जिन बस्तियों में 'वाटर एटीएम' नहीं हैं, वहां लोगों को निजी आपूर्तिकर्ताओं से 15 से 30 रुपये प्रति गैलन की दर से पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता हैं...।''

# मंत्री पेरियासामी और उनके परिवार के खिलाफ छापेमारी के बाद संपत्ति और निवेश संबंधी दस्तावेज जब्त: ईडी

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता आई. पेरियासामी और उनके परिवार के खिलाफ हाल ही में की गई छापेमारी के बाद संपत्तियों और निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री, उनके बेटे एवं विधायक आई. पी. सेंथिल कुमार, बेटी इंद्रा और कथित तौर पर उनसे जुड़ी कुछ कंपनियों के खिलाफ चेन्नई और डिंडीगुल में 16 अगस्त को छापेमारी की थी।

पेरियासामी (72) डिंडीगुल में अथूर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि उनके बेटे सेंथिल कुमार पलानी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं।

ईडी ने एक बयान में कहा कि कार्रवाई के दौरान सेंथिल कुमार, इंदिरा के घरों और इरुलप्पा मिल्स इंडिया के दफ्तर से संपत्ति और निवेश से जुड़े दस्तावेज़ जब्त किए गए। इस



कंपनी के निदेशक पेरियासामी और उनके छोटे बेटे पी. प्रभु हैं।

बयान में दावा किया गया कि जांच एजेंसी को इरुलप्पा मिल्स इंडिया के परिसर से संचालित की जा रही कुछ 'डमी' कंपनियों का भी पता चला है।

बयान में कहा गया, ''उक्त कंपनियों के खातों की जांच की जा रही है। ज़ब्त किए गए डिजिटल उपकरणों का भी विश्लेषण किया जा रहा है।''

तमिलनाडु सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) द्वारा पेरियासामी और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किए जाने के बाद ईडी धनशोधन के मामले की जांच कर रही है।

ईडी ने कहा कि आरोपपत्र (डीवीएसी द्वारा दायर) में शामिल अपराध पीएमएलए के तहत अनुसूचित अपराध हैं।

डीवीएसी द्वारा दायर आरोपपत्र के अनुसार, पेरियासामी और उनके परिवार के पास लगभग दो करोड़ रुपये की संपत्ति थी जो आय से अधिक है।

# पूर्व सांसद की आत्महत्या मामला: नीयत जरूरी नहीं; न्यायालय ने प्राथमिकी बरकरार रखने से किया इनकार

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें पूर्व सांसद मोहन डेलकर को 2021 में आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने के मामले में दादरा नगर हवेली और दमन दीव के प्रशासक प्रफुल्ल खोड़ा पटेल सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी बहाल करने का अनुरोध किया गया था।

प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पटेल सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला रद्द करने संबंधी आठ सितंबर, 2022 के मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अपील खारिज कर दी। यह अपील दिवंगत सांसद के बेटे अभिनव डेलकर ने दायर की थी।

पीठ ने कहा कि इस मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का कोई संकेत नहीं पाया गया।

पीठ ने कहा, ''हमें आत्महत्या से पहले लिखा गया पत्र (सुसाइड नोट) संदिग्ध प्रतीत होता है और हम इस बात से सहमत नहीं हैं कि इस मामले में आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई भी ठोस आधार है। उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी रद्द करते समय कोई गलती नहीं की, क्योंकि प्रथम सूचना विवरण (एफआईएस) से कोई मामला बनता ही नहीं है।''

न्यायमूर्ति चंद्रन ने पीठ के लिए फैसला लिखा। उन्होंने अपने फैसले में उच्च न्यायालय के फैसले को सही ठहराते हुए कहा, ''यह सच है कि कोई व्यक्ति



जब दबाव नहीं सह पाता, अपमान नहीं झेल पाता, या विरोध नहीं कर पाता, तो वह निराशा में अपनी जान दे सकता है, लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं होता कि आरोपी व्यक्ति की मंशा उसे आत्महत्या के लिए उकसाने की थी।''

पीठ ने यह भी कहा, आत्महत्या से पहले लिखे गये पत्र पर संदेह उत्पन्न होता है, विशेष रूप से उस समिति की कार्यवाही में दर्ज बयानों और उस पत्र को इस मामले में पेश किए जाने के तरीके को देखते हुए।''

फैसले में यह भी उल्लेख किया गया है कि आत्महत्या से पहले लिखे गये पत्र में जिन अधिकारियों के नाम का उल्लेख किया गया है, उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई ठोस आधार नहीं है।

निर्णय में कहा गया कि मृत सांसद के बेटे और अन्य सहयोगियों द्वारा दिए गए बयान केवल सुनी-सुनाई बातों पर आधारित हैं, इसलिए उन्हें शिकायत का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता, साथ ही, मृतक द्वारा आत्महत्या से पहले लिखे गये पत्र में कही गई बातें भी उकसावे का मामला नहीं बनातीं।

पीठ ने अभिनव की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और कुछ आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी की दलीलें सुनने के बाद चार अगस्त को याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दादरा और नगर हवेली से सात बार सांसद रहे डेलकर की मृत्यु के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वह 2021 में मुंबई के एक होटल में मृत पाए गए थे।

उनके कथित 'सुसाइड नोट' में उत्पीड़न और धमकी का विस्तार से विवरण था, जिसके बाद शीर्ष नौकरशाहों और राजनीतिक हस्तियों सहित कई लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर विचार किया था कि क्या रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री जिसमें 30-पृष्ठ का कथित 'सुसाइड नोट' भी शामिल है, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत आरोपों को बनाए रखने के योग्य है प्रधान न्यायाधीश ने पूछा था, ''क्या उनके पास सोचने और 30 पन्नों का सुसाइड नोट लिखने का समय था।

नमूना कबिले फरोख्त)

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), सम्भल स्थित चन्दौसी जिला सम्मल

नम्बर मुकदमा 114 सन् 2024

नरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 भूप सिंह निवासी ग्राम मिलक धुरैटा डकखाना व तहसील जिला सम्मल।

.......... वादी

**बनाम**

1. मान सिंह पुत्र स्वः भूप सिंह
2. निर्मलदास पुत्र स्व भूप सिंह
3. मुकेश पुत्र स्व भगवानदास
4. फूल सिंह उर्फ भुवनेश पुत्र स्व0 भगवानदास
5. यशवीर पुत्र स्व० भगवानदास
6. श्रीमती वीरवती पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह
7. विजेन्द्र पुत्र मधुरी सिंह
8. श्रीमती राजवती पत्नी श्री सोमपाल सिंह
9. श्रीमती राजवती पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह

10 श्रीमती मेघवती पत्नी श्री निर्मलदास

11. श्रीमती वीरवती पत्नी श्री सुनील कुमार

समस्त निवासीगण ग्राम-मिलक धुरैटा डाकखाना व तहसील जिला सम्भल1

12. सालिद अहमद पुत्र श्री मुस्ताक हुसैन निवासी दहेली दरवाजा, सम्भल तहसील व जिला सम्मल।

13 श्रीमति शकुन्तला पत्नी श्री गजेन्द्र निवासी ग्राम-मिलक धुरैटा, डाकखाना व तहसील जिला सम्मल।

.....प्रतिवादीगण

दरगाह वादी आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा व घोषणात्मक के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है की तारीख 28 माह. अगस्त सन 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हों हाजिर हो और जवाब देही करें / आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देहीं में इस्तेमल करना चाहते है आपको

इत्तला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मनसुख असफलता होगा

दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख 18 अगस्त सन 2025 ई0 को जारी किया

इत्तिला

(1) अगर आपको यह अंदेशा हो कि आपका गवाह अपनी मर्जी से हाजिर ना होंगे आप अदालत हजार से संबंध जारी कर सकते हैं कि जो गवाह हाजिर ना हो जबरन हाजिर कर दिया जाए और जिस दस्तावेज को किसी गवाहन से पेश करने का आप ख्याल रखते हो वह उसे पेश कराई जाए बेसरते कि आप अदालत में दाखिल रुपए खर्च की दरख्वास्त गुजरायें।

(2) अगर आप मुताबला मुद्दई को न्यायालय में जानशीन करते हैं तो आपको लाजिम है कि आप न्यायालय में पता दाखिल करें ताकि कार्रवाई इजराय डिकी आपको डाक द्वारा भेजी जाए।

**C.J.(S.D.)/A.C.J.M.**
**Sambhal at Chandausi**

# प्रधानमंत्री मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की



नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें शीर्ष केंद्रीय मंत्री, सचिव और अर्थशास्त्री शामिल थे।

इस बैठक में अगली पीढ़ी के सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया गया, जो उनके स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में की गई प्रमुख घोषणाओं में से एक थी।

इस बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष नौकरशाहों और अर्थशास्त्रियों के अलावा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल और ललन सिंह शामिल हुए। मोदी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अगली पीढ़ी के सुधारों के खाके पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। हम सभी क्षेत्रों में त्वरित सुधारों के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे जीवन सुगमता, व्यवसाय सुगमता और समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में 'अगली पीढ़ी के सुधारों' और जीएसटी कानूनों में संशोधन के लिए एक कार्यबल बनाने की घोषणा की थी।

# पीड़ित व्यक्ति आधार की प्रति जमा कर सकते हैं: निर्वाचन आयोग ने कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार की मसौदा मतदाता सूची से बाहर रह गए लोग मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए अपने आधार की प्रति जमा कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने आयोग को पहचान के प्रमाण के रूप में आधार को स्वीकार करने का निर्देश दिया था। एक बयान में निर्वाचन आयोग ने कहा कि नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा, लेकिन पात्रता दस्तावेज़ों के सत्यापन के कम से कम सात दिन बाद ही। बयान में निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण आदेशों के अनुसार, एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को तब तक हटाया नहीं जा सकता, जब तक कि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा जांच कर उचित और न्यायसंगत अवसर देने के बाद स्पष्ट रूप से कारण बताने वाला आदेश पारित न किया जाए।

# नेशनल हेराल्ड मामला: अदालत ने दस्तावेजों का निरीक्षण किया

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले की फाइल का सोमवार को निरीक्षण किया है।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, ''मामले की फाइलों का अदालत द्वारा आगे निरीक्षण किया गया है। इसी उद्देश्य के लिए पहले से तय तारीख यानी 19 अगस्त को (मामले को) फिर से सूचीबद्ध करें।''

अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आदेश पहले स्थगित कर दिया था। अदालत ने कहा था कि मामले की फाइलों का और निरीक्षण आवश्यक है तथा जांच अधिकारी (आईओ) को इनके साथ उपस्थित होना होगा।

ईडी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा दिवंगत पार्टी नेताओं मोतीलाल वोरा एवं ऑस्कर फर्नांडीस के साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी 'यंग इंडियन' पर आरोप लगाया है



कि उन्होंने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार प्रकाशित करने वाली कंपनी 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) से जुड़ी 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति का धोखे से अधिग्रहण करने के लिए साजिश रची और धनशोधन किया।

ईडी का आरोप है कि गांधी परिवार के पास 'यंग इंडियन' के 76 फीसदी शेयर थे और इस कंपनी ने 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले एजेएल की संपत्ति को धोखे से हड़प लिया।

आरोप पत्र में सोनिया, राहुल, पित्रोदा, दुबे, सुनील भंडारी, 'यंग इंडियन' और 'डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड' को नामजद किया गया है।

# भागवत ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की अधिक भूमिका की वकालत की

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कामकाज और निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि अगर समाज में बदलाव लाना है, तो आधी आबादी को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता।

भागवत ने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयं इस विचार का अनुसरण करता है और राष्ट्र सेविका समिति के साथ समन्वय और परामर्श से विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लेता है। राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना 1936 में महिलाओं के लिए की गई थी, ताकि वे पुरुषों के लिए आरएसएस के समानांतर एक संगठन के रूप में कार्य कर सकें।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा, ''समाज को सुधारना है, तो आधी आबादी को अलग नहीं रख सकते।''

वह मीडिया और अन्य वर्गों से पूछे



जाने वाले एक सामान्य प्रश्न का उत्तर दे रहे थे कि आरएसएस महिलाओं को संगठन में शामिल होने और इसके लिए काम क्यों नहीं करने देता है। इस मुद्दे पर आगे बात करते हुए भागवत ने कहा कि एक बार जब कोई व्यक्ति आरएसएस में शामिल हो जाता है और एक स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्र और समाज की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर देता है, तो उसका परिवार स्वाभाविक रूप से ₹आरएसएस परिवार₹ का हिस्सा बन जाता है। उन्होंने कहा, ''हमारे जितने स्वयंसेवक हैं, कम से कम उतनी ही महिलाएं भी हमारे साथ हैं। कोई (स्वयंसेवक की) मां है, या उसकी पत्नी या उसकी बहन है।''

# 2040 में भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद पर उतरेगा: जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (भाषा) बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार को विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ''2040 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेगा।''

सिंह ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा पर सदन में चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की।

सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पुनः आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा प्रारंभ कराई।

बिरला ने कहा, ''उनकी (शुभांशु शुक्ला की) अंतरिक्ष यात्रा और सफल वापसी केवल एक मिशन की सफलता नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।''

विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा, ''एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री 2040 में चांद की सतह पर उतरेगा।'' उन्होंने कहा कि इससे 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धि होगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री सिंह ने यह भी कहा कि भारत 2026 में रोबोट 'व्योममित्र' के साथ एक मानवरहित अंतरिक्ष मिशन शुरू करेगा, जिसके बाद 2027 में गगनयान को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा तथा देश 2035 में अपना 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करेगा।

उन्होंने इस दौरान शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा, ''यह कहते हुए बहुत पीड़ा महसूस हो रही है कि जब मुल्क में जश्न का माहौल है और देश



अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धियों का उत्सव मना रहा है, विपक्ष अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को भी बधाई देने को तैयार नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आपकी नाराजगी सरकार के साथ हो सकती है। भाजपा और राजग के साथ हो सकती है। लेकिन हैरत है कि आपकी नाराजगी एक अंतरिक्ष यात्री, गगनयान यात्री के प्रति भी है।'' सिंह ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा, ''आप धरती से नाराज हैं, आकाश से भी नाराज हैं और आज अंतरिक्ष से भी नाराज दिख रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''विपक्ष का प्रदर्शन अपने प्रति नाराजगी का इजहार है क्योंकि वह अपने हर मंसूबे में विफल है। उनकी कोई बात नहीं बन पा रही।''

उन्होंने कहा, ''एक चिकित्सक होने के नाते मैं (विपक्ष की) यह मनः स्थिति समझ सकता हूं। यह नाराजगी उस समय होती है, जब व्यक्ति हताश होता है। और यह नाराजगी किसी और से नहीं, अपने आप से होती है।''

मंत्री ने शुभांशु शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां किये गए प्रयोगों में ''स्वदेश विकसित किट'' उपयोग की गई और आत्मनिर्भर भारत के मंत्र का पालन इन्हीं प्रयोगों से हुआ।

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यात्रा के बाद कल (रविवार को) ही शुभांशु का राष्ट्रीय राजधानी में आगमन हुआ और कुछ समय पहले ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतरिक्ष में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन देखकर सारे विश्व ने भारत का लोहा माना।

उन्होंने राजग सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतरिक्ष विभाग की जो भूमिका रही है, उसके लिए प्रौद्योगिकी पिछले 10 साल में विकसित की गई।

मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सवाल पूछा जाएगा कि ऐसा क्या कारण था कि 50 से 60 साल तक हमारा अंतरिक्ष विभाग सुस्त रफ्तार में काम करता रहा। उन्होंने कहा कि 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलने के बाद, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था पहले ही आठ अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुकी है और अगले दशक में 45 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी। सिंह ने कहा कि सरकार ने शुक्ला की आईएसएस यात्रा पर 548 करोड़ रुपये खर्च किए, जो दुनिया भर में किये गए किसी अन्य मिशन की तुलना में बहुत कम राशि थी। उन्होंने कहा कि 'एक्सिओम-4' मिशन से मिली सीख गगनयान मिशन से निकटता से जुड़ी हुई है।



# पैसों के लिए सगे भांजे ने की थी अपने मामा के बेटे की हत्या

## 10 वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या ऑपरेशन लंगड़ा के तहत आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस / दुष्येंद्र कुमार**



बरेली/ आपने वह कहानी तो सुनी ही होगी की बाप ना भैया और सबसे बड़ा रुपैया यह कहानी है थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के टिटौली निवासी सखावत के 10 वर्षीय बेटे आहिल के साथ हुई घटना की है। जिसका अपहरण कर गला रेत हत्या कर दी गई। चंद पैसों के लालच में सगे भांजे ने मामा के लड़के की हत्या कर दी। जिसका मुकदमा थाने मे दर्ज हुआ था मुकदमा दर्ज होने के बाद एसओ जी टीम सर्विलास टीम व थाने की टीम के साथ खोजबीन शुरू की गई थी। इसी बीच अज्ञात मोबाइल नंबर से बादी के व्हाट्सएप नंबर पर कॉल आई और 10 लख रुपए की डिमांड की गई। जिसके जवाब में तुरंत पुलिस हरकत में आई और सीसीटीवी व सर्वलॉनस टीम के आधार पर बादी के सगे भांजे वसीम पुत्र नफीस को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई ।जिसने बताया की प्री प्लानिंग के उसके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। जिसके तहत वह बच्चे को बाइक पर बैठाकर जंगल लेकर गया था। इसका पूरा प्लान यह था कि इसके मामा के पास अधिक पैसा है और यह पहले अहमदाबाद में लकड़ी का काम करता था। उसके पास पैसे नहीं थे और वह अपना कारोबार को दोबारा चालू करना चाहता था। जिसको चालू करने के लिए पैसे नहीं थे।इसलिए इसने बच्चे का अपहरण करके 10 लाख रुपए की डिमांड की लेकिन यह शाम के 7:00 बजे ही बच्चे की हत्या कर चुका था।

क्योंकि इसको पूरा शक था कि बच्चा घर जाकर कहेगा कि यह पूरा प्लान मेरा था। क्योंकि बच्चा इसका सगा रिश्तेदार था और अच्छे से पहचानता था इसलिए इसने बच्चों की हत्या कर दी थी इसको यह उम्मीद थी की मामा से पैसा मिल जाएगा जिसको लेकर मैं बाहर चला जाउगा और किसी को शक भी नहीं होगा और बाहर जाकर दोबारा कारोबार शुरू कर लूंगा। एसएसपी ने बताया कि मेरे द्वारा फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया बच्चों की डैड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

आरोपी से पूछताछ के दौरान बच्चें की डेड बॉडी को जंगल से बरामद कराया गया गया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व ब्लैड जिससे बच्चे की हत्या की गई थी। बरामदगी के दौरान इसके द्वारा बाइक के बैग से तमंचा निकालकर पुलिस पर फायर किया गया जवाबी कार्यवाही में इसके दोनों घुटनों में गोली लगी है। उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# प्रकृति संरक्षण से ही पापों का हो सकता है प्रायश्चित: असीम अरुण

- आईएमए हाल में धूमधाम से मना सातवां विश्व हरेला महोत्सव
- पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**

बरेली/ विश्व हरेला महोत्सव परिवार की ओर से रविवार को आईएमए भवन के सभागार में सातवां विश्व हरेला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जनचेतना का विस्तार करना रहा। आयोजन की शुरूआत वृक्षाबंधन रैली और निःशुल्क कॉटन बैग वितरण से हुई। महोत्सव की शुरूआत मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक गोपाल आर्य मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुविवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की, जबकि वन व पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार और महापौर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. विनोद पागरानी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड समाज की ओर से पर्यावरण संरक्षण के उत्सव के रुप में हरेला महोत्सव के जरिए प्रकृति संरक्षण की अलख जाने के लिए उत्तराखंड समाज बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि कन्नौज और बरेली में वन्य क्षेत्र को चयनित कर उस निर्धारित क्षेत्र में बंदर समेत अन्य पशुओं को स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ देना चाहिए। ऐसा करने मात्र से ही हम प्रकृति के प्रति किए गए जाने-अन्जाने में किए गए पापों का प्रायश्चित किया जा सकता है। अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक गोपाल आर्य ने कहा कि भारत माता की जय बोलने से पहले हमें यह सोचना होगा कि जिस भारत को सोने की चिड़िया कहा गया, आज वहां पेड़ों की संख्या कितनी रह गई है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रति व्यक्ति 420 पेड़ होने चाहिए, जबकि वर्तमान में देश में औसतन 28 पेड़ ही हैं। दिल्ली जैसे महानगरों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां तीन व्यक्तियों पर एक पेड़ है। बरेली में भी प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या अपेक्षा से बहुत कम है। भगवान कृष्ण के जीवन से हमें पर्यावरण संरक्षण का विशेष संदेश मिलता है। कथा के अनुसार कृष्ण ने यमुना को प्रदूषित करने वाले कालिया नाग का दमन किया था। यह केवल धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि जल प्रदूषण और जल संरक्षण के महत्व का प्रतीक है। आज जब नदियां, तालाब और जलाशय प्रदूषण से जूझ रहे हैं, तब हर नागरिक को कृष्ण की तरह ह्यप्रकृति रक्षक बनने की आवश्यकता है।

# नहरों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए, वर्षा जल संचय पर विशेष ध्यान

- जल शक्ति मंत्री द्वारा सर्किट हाउस में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले विकास कार्यों की समीक्षा

**नेशनल एक्सप्रेस / सुमित श्रीवास्तव**



बरेली/जल शक्ति मंत्री जी द्वारा सर्किट हाउस, बरेली में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ,बरेली के अंतर्गत आने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

उक्त बैठक में उपस्थित अधिकारियों से समीक्षा के दौरान रोहिलखंड कैनाल डिवीजन बरेली के अंतर्गत आने वाली नहरों के टेल तक पानी पहुंचाने हेतु वार्ता की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा माननीय जल शक्ति मंत्री जी को अवगत कराया गया कि नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचा दिया गया है ,इसके अतिरिक्त बैठक में जल शक्ति मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन नहरों पर अतिक्रमण है उन्हें जल्द ही अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा किच्छा बैराज से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जाए । बैठक में माननीय मंत्री जी ने कहा कि वर्षा जल संचयन पर विशेष ध्यान दिया जाए ।

# मजिस्ट्रेट ऑफिस: हनुमान फोटो प्रकरण में भीम आर्मी के खिलाफ शिवसेना ने खोला मोर्चा

## शिवसेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला प्रमुख दीपक पाठक हनुमान चालीसा पढ़ते हुए सौंपा ज्ञापन की गिरफ्तारी की मांग

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली ।शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के पश्चिमी उत्तर प्रदेश जिला प्रमुख दीपक पाठक ने सोमवार को तमाम कार्यकताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कुछ कार्यकताओं द्वारा भगवान हनुमान जी की प्रतिमा/चित्र पर अभद्र टिप्पणी की गई एवं उसे हटाने की मांग की गई जो न केवल करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर कुठाराघात है बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का षड्यंत्र भी प्रतीत होता है।

शिवसेना नेताओं ने कहा कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा प्रदेश की शांति व्यवस्था को चुनौती मिली है। ऐसे असामाजिक एवं धर्मविरोधी तत्वों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रशासन को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो शिवसेना को सड़कों पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।इस मौके पर राकेश यादव, विश्व प्रताप सिंह, संतोष सिंह, राजीव पांडे, अंकुर अग्निहोत्री, जोत कौर, विकास कुमार, शशांक पाठक, रविन्द्र व्यास, नवीन सक्सेना, आयुष वर्मा, प्रदीप गंगवार, अंकुर रस्तोगी, शुभम रस्तोगी, शंकर, राजीव सैनी, संजू समेत बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा

**जिम्मेदारों पर सीलिंग की कार्यवाही कर इतिश्री करने का आरोप**

**सुभासपा जिलाध्यक्ष ने डीएम को पत्र सौंपकर की कब्जा करने वालों पर की एंटी-भूमाफिया कार्रवाई की माँग**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अमरोहा। सदर तहसील क्षेत्र के मोहल्ला सराय कोहना स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर भूमाफिया कब्जा जमाए हैं। भूमि पर अवैध निर्माण खड़ा कर देने का मामला तूल पकड़ गया है। सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीर बताते हुए प्रशासनिक अधिकारियों पर ही मिलीभगत का आरोप लगाया है।

सोमवार को सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को संबोधित पत्र में लिखा है कि कब्रिस्तान जैसी पवित्र भूमि को भी भूमाफियाओं ने नहीं छोड़ा। सबसे शर्मनाक बात यह है कि यह कब्जा प्रशासनिक अधिकारियों की खुली मिलीभगत से हुआ। वक्फ मंत्री ओमप्रकाश राजभर तक शिकायत पहुँचने के बाद तहसील प्रशासन ने महज औपचारिकता के तौर पर निर्माण को सील कर दिया। अपनी ही रिपोर्ट में यह भूमि कब्रिस्तान की सिद्ध होने के बावजूद कब्जेदारों पर किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य सरकार ने साफ आदेश दिए हैं कि कब्रिस्तान, श्मशान, सरकारी, वक्फ या समाज की किसी भी जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तो फिर अमरोहा तहसील में यह अपवाद क्यों बनाया गया। क्या वजह है कि केवल सीलिंग कर खानापूर्ति कर दी गई और कब्जेदारों को संरक्षण मिल गया। उन्होंने ने जिलाधिकारी से तीन प्रमुख माँगें की हैं अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त कराया जाए। कब्जेदारों के खिलाफ एंटी-भूमाफिया एक्ट के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई की जाए। मिलीभगत करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ निलंबन व विभागीय कार्यवाही की जाए।सत्यपाल तोमर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि तहसील के जिम्मेदार अधिकारी स्वयं भूमाफियाओं के संरक्षक बने हुए है।

# समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनी शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। सोमवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने तहसील समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जल्द उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वाशन दिया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 6 पुलिस विभाग की 4 नगर पालिका की 4 आपूर्ति विभाग की 1 विकास विभाग की 1 शिकायतों सहित कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मुसाराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा नदी का सोमवार को फिर बढ़ा जलस्तर, प्रशासन अलर्ट

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /गजरौला। गंगा नदी के जलस्तर में सोमवार को फिर से दस सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, वहीं बिजनौर स्थित बैराज से 1,46, 216 क्युसेक पानी छोड़ा गया। जलस्तर घटने-बढ़ने का क्रम पिछले कई दिन से जारी है। अभी खादर क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा पूरी तरह से दूर नहीं हुआ है। बता दें कि कि विकास खंड के टीकोवाली, शीशोवाली, ढ़ाको वाली, रूस्तमपुर मंदिर वाली भुड्डी आदि समेत दर्जन भर गांवो में इस समय जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात रहे और लोगों के सामने अब भी काफी समस्या हैं। जलस्तर के घटने के क्रम भी ज्यादा अंतर में नहीं है, इससे अभी बाढ़ जैसे हालातो का खतरा अब भी मंडरा रहा है। शनिवार को भी जलस्तर 200.60 मीटर गेज था, रविवार को फिर 10 सेमी की कमी दर्ज की गई, वहीं सोमवार को फिर से दस सेमी की वृद्धि हुई। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार को जलस्तर में दस सेमी की वृद्धि दर्ज की गई। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं, टीमें निगरानी कर रही हैं।

### ग्राम विकास अधिकारी एसोशिएशन ने की मृतक सचिव को श्रद्धांजलि अर्पित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद । सोमवार को ग्राम विकास अधिकारी एसोशिएशन फिरोजाबाद की एक बैठक विकासखंड फिरोजाबाद परिसर में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जनपद के विकासखंड टूंडला में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अंकुर कुमार सम्मौरिया के असमय निधन होने पर शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति तथा परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की । शोक सभा में विजय यादव ,अभय दीप सिंह ,आदित्य मिश्रा ,प्रदीप यादव, मानवेंद्र सिंह , मान प्रताप सिंह, मनोज यादव ,जितेंद्र गौतम, गौरव यादव, सौरभ बघेल, पीयूष कांत बघेल हेमा जादौन ,कपिल गौतम, सुनील यादव , अजय पाल सिंह , मोहित आदि के साथ अन्य ग्राम विकास अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे ।

### महिला ने सड़क के किनारे दिया बच्ची को जन्म, एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने सोमवार सुबह सड़क के किनारे बच्ची को जन्म दिया है और 1 घंटे बाद देरी से एंबुलेंस पहुंची , तब तक महिला सड़क के किनारे जमीन पर लेटी रही। रेनू पत्नी चंद्रवीर सिंह उर्फ भूरे निवासी गांव बाछेमई थाना सिरसागंज को सोमवार सुबह प्रसव पीड़ा होने लगी, तो रेनू का पति मोटरसाइकिल पर बिठाकर प्रसव कराने के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र सिरसागंज ले जा रहा था। वह जैसे ही गांव खोड़खैरा के पास पहुंचा, तभी महिला को प्रसव पीड़ा अधिक होने लगी और उसने सड़क किनारे बच्ची को जन्म दिया। राहगीरों ने फोन करके एंबुलेंस बुलाई और जच्चा बच्चा को अस्पताल भिजवाया । इस दौरान कई लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा की काफी देर से एंबुलेंस को फोन किया जा रहा है, लेकिन एंबुलेंस 1 घंटे देरी से आई है ।

# अमरोहा के नौगावा रोड पर 34 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक चौराहा

- अधिशासी अधिकारी डा. बृजेश कुमार ने जानकारी देते कहा कि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने भी दी मंजूरी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अमरोहा। नगर पालिका परिषद द्वारा अकबरपुर पट्टी वार्ड के रजाकपुर मे मुख्य राज्य मार्ग पर सुन्दर एवं आधुनिक चौराहा बनाया जायेगा। जिसकी मंजूरी जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा दे दी गयी है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने जानकारी देते कहा कि नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार हो जाने के पश्चात पालिका मे नव सम्मिलित वार्डो, क्षेत्रों मे पालिका द्वारा निरंतर विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री की प्रेरणा से पालिका पालिका द्वारा नगरीय सौंदर्यकरण अंतर्गत अमरोहा नौगवां रोड परहोटल रीगल 77 के निकट नगर की उक्त दिशा के मुख्य निकास, प्रवेश द्वार पर वार्ड अकबरपुर पट्टी के रजाकपुर मे मुख्य मार्ग पर सुन्दर एवं आधुनिक चौराहे का निर्माण कराया जायेगा। 15वें वित्त आयोग के धनराशि से कराये जाने वाले इस प्रस्ताव की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदया द्वारा दे दी गयी है। कुल 34 लाख की धनराशि से बनने वाले इस चौराहे मे सुन्दर रोड साइड दीवारें, फुलवारी, संकेतक होंगे ये चौराहा नौगांवा की ओर से अमरोहा मे प्रवेश करने वाले आगंतुकों का स्वागत करेगा।

# सेटेलाइट पर भीषण सड़क हादसा पिता की मौत, बेटा घायल

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के सेटेलाइट बस स्टैंड के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार बदायूं जनपद के थाना अलापुर क्षेत्र के गांव जगत निवासी रामआसरे (45) पुत्र रामविलास अपने बेटे गौरव के साथ मोटरसाइकिल से बरेली आए थे। वे रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज दवा लेने जा रहे थे। तभी सेटेलाइट बस स्टैंड के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने रामआसरे को मृत घोषित कर दिया। बेटे गौरव का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**नेशनल एक्सप्रेस**



बिजनौर/नांगल सोती। बीती रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मोहल्ला जोशियांन में स्थित प्राचीन पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां पर अर्धरात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्म होनें के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के जयकारे लगाए गये। इस अवसर पर मंदिर में विराजित राधा कृष्ण की मूर्तियों का किया गया श्रृंगार देखते ही बन रहा था। इस शुभअवसर के दिन भर उपवास रखने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। अर्धरात्रि 12.00 के बाद श्री कृष्ण का जन्म होने के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी के इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चे बाल गोपाल व राधा के रूप में दिखाई दिए। इस अवसर पर बच्चों द्वारा झांकियां निकाल कर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये।

# ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर खड़ंजा मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव धनोरी खुर्द शुमाली के ग्रामीण एकत्र होकर तहसील पहुंचे जहां उन्होंने समाधान दिवस में खड़ंजा दुरुस्त करने की मांग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र को पत्र सौंपा। ग्रामीण ने पत्र के माध्यम से सीडीओ को अवगत कराते हुए बताया कि गांव में रमेश के घर से तेजपाल के घर तक खड़ंजा टूटा हुआ है। बरसात होने पर सड़क में पानी भर जाता है जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। जिससे आए दिन दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने सीडीओ से सड़क को पक्का कराए जाने की मांग की है। पत्र सौपने वालों में सोनू कुमार, महेश ,संजय सिंह, विपिन, चंद्रशेखर,काले सिंह, सूरज, राहुल कुमार, धर्मपाल सिंह, यादराम दीपू व सोहन सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गाली गलौज व चोरी के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 5,200 रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में सोमवार को मु0अ0सं0 362/1992 धारा 147/148/149/352/379/427/504/506/411 भादवि थाना धनारी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त वीरपाल पुत्र कलेक्टर निवासी हरकरी थाना धनारी जनपद सम्भल को न्यायालय जे.एम. गुन्नौर जनपद सम्भल द्वारा अभियुक्त वीरपाल उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बिताई गई अवधि (03 दिवस) के कारावास व 5,200-/ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में रामविलास ए०पी०ओ० तथा कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 दीपक कुमार, कोर्ट पैरोकार म०आ० भारती माहुर थाना धनारी का सराहनीय योगदान रहा।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल ' पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में सोमवार को मु0अ0सं0 473/2000 धारा 323/325/504 भादवि थाना गुन्नौर जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त करू उर्फ कल्यान पुत्र जसवन्त यादव निवासी बिलासपुर थाना गुन्नौर जनपद सम्भल को न्यायालय जे०एम० गुन्नौर जनपद सम्भल द्वारा अभियुक्त करू उर्फ कल्यान उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि के कारावास (03 दिवस) व 2,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । सजा कराये जाने में रामविलास ए०पी०ओ० तथा कोर्ट मोहर्रिर है0का0 दीपक कुमार, कोर्ट पैरोकार म0का0 पूनम थाना गुन्नौर का सराहनीय योगदान रहा।

### जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /सम्भल ' बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति ( शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर द्वारा बैठक के प्रमुख बिंदुओं के विषय में अवगत कराया गया। एम ओ आई सी असमोली को निर्देशित करते हो कहा की ग्राम पंचायत में जाकर आकांक्षात्मक विकासखण्डों के बिंदुओं पर चर्चा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जिस अधिकारी के स्तर पर प्रगति कम है उसकी कठोर चेतावनी जारी की जाए ' पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी)] को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। सैम बच्चों की ई - कवच पर फीडिंग को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक सीएचसी पर एक वार्ड आरक्षित करते हुए पोषण पुनर्वास केंद्र को स्थापित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जायंट्स ग्रुप की महिला सदस्यों के साथ एएनएम तथा आशा एवं आंगनबाड़ी की बैठक को लेकर एम ओ आई सी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं से संबंधित जो भी बिंदु है उनका विशेष ध्यान में रखें। जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वजन एवं माप मशीन लाये जाने को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में स्टेडियोमीटर, बच्चों के वजन माप मशीन नहीं हैं वहां मशीन से संतृप्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक ब्लॉक को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए।संस्थागत प्रसव को लेकर भी जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि होम डिलीवरी प्रत्येक दशा में बंद हो जानी चाहिए प्रसव पर विशेष ध्यान दें। जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी चर्चा की तथा जेएसवाई के अन्तर्गत भुगतान को लेकर निर्देशित किया कि शीघ्र भुगतान कराना सुनिश्चित करें। जेएसवाई के भुगतान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अर्बन पीएचसी पर कार्य कराए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। आयुष एमडब्ल्यूसी नंदरौली एवं बेरनी पर मनरेगा से कार्य कराए जाने हेतु जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया उन्होंने कहा की कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।सीडीपीओ जुनावई को एनआरसी में बच्चे भर्ती न कराने पर कठोर चेतावनी जारी करने के लिए जिलाधिकारी में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की समस्त स्थान पर गर्भ संस्कार केंद्र बनाए जाए।आभा आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के पत्र जारी किया जाए की आभा आईडी में सहयोग करें।

# शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**





संभल। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील सम्भल में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को संभल में 57 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 04 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके को पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी तहसीलों में आयोजित होने वाले प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस के दिन सभी विभागों द्वारा विशेष कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं विशेष कर दिव्यांग जनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के क्रम में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विपिन कुमार के द्वारा आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर संभल जनपद में अस्थाई आधार सुविधा केंद्र एवं जन सेवा केंद्र अस्थायी लगवाया गया क इस अवसर पर उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, तहसीलदार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आगामी लोक अदालत को लेकर बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13.09.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार सोमवार को समय 4.30 बजे जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग नरायन सिंह के विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चन्दौसी आदित्य सिंह, ए.डी.एम. संभल प्रदीप वर्मा, ए.एस.पी. संभल राजेश श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर सम्मन सेल नरेशपाल सिंह आदि उपस्थित रहें। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।

### पुलिस ने खुद बांटी किसानों को खाद मिलने की पर्ची, खाद लेने को लोगों में रही मारामारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल ' सोमवार को गुन्नौर यूरिया खाद की मांग बढ़ते ही सहकारी समितियों पर मनमानी होने लगी है।लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल रहा है।लोग मायूस होकर घर लौटने को मजबूर हैं। साधन सहकारी समिति कन्हुआ विकास खण्ड गुन्नौर पर खाद को लेकर अफरा तफरी का माहौल रहा। पुलिस प्रशासन गुन्नौर ने अपने हाथों से ढाई सौ पर्चियां बांटी हैं उन पर्चियां में 30 से 35 पर्ची धारकों को खाद फिर भी नहीं मिल पाई।खाद के 500 कट्टे उतरे थे। सचिव हरिशंकर का कहना है कि 250 पर्ची हमने गुन्नौर इंस्पेक्टर साहब से बटवा दी हैं और 500 खट्टे उतरे हैं। लाइनों में किसानों ने धूप में लगकर पसीने और पानी भी लाइन में पन्नियों में पिया लेकिन फिर भी खाद नहीं मिल पाई। समिति पर खाद सोसाइटी सचिव हरिशंकर ताला लगाकर चले गए।समिति पर किसान भटकते रहे गुन्नौर पुलिस प्रशासन से किसानों की नोंकझोंक हुई।किसानों को धक्का मारते पुलिसकर्मी नजर आये। सहकारी समिति कन्हुआ किसानों का कहना है कि सुबह 6 बजे से खड़े हैं, लेकिन जरूरत के अनुसार खाद नहीं दी जा रही है।सुबह से ही लाइन में लगने के बाद एक बोरी नही दी जा रही है। अनिल यादव अर्जून यादव व्रजेश राजेंद्र सिंह आदेश होमवीर ने बताया कि सुबह से ही खाद लेने के लिए आये थे। पर्ची मिलने के बाद भी खाद नहीं मिली।

# गुमथल में गरीब का आशियाना हुआ धराशाई

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



बनियाठेर। घर के कमरे में बैठे दंपति के मकान की छत अचानक टूट कर जमीन पर गिर गई जिससे कमरे में बैठे दंपति बाल बाल बच गए हालांकि कमरे में रखा समान दबकर के क्षतिग्रस्त हो गया ' सोमवार शाम 5:00 के करीब घर में बैठे दंपति जगत सिंह पुत्र झाझन लाल निवासी गुमथल अपनी पत्नी शिव देवी के साथ कमरे में बैठे थे तभी अचानक कमरे की छत का बल्ला टूट गया और छत में से मलवा सहित सारा सामान कमरे में नीचे गिर गया जिससे कमरे में रखें बेड बर्तन खाने की वस्तुएं एवं साइकिल सहित वस्तुऐ दबकर क्षतिग्रस्त हो गई और छत की आवाज सुनकर दोनों पति पत्नी कमरे से बाहर आ गए गनमियत रही की कोई भी हादसा नहीं हुआ लेकिन कमरे में रखा सामान टूट गया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीते शुक्रवार को हुई बारिश के चलते कमरे की छत का पानी बाहर नहीं निकला था और छत की मिट्टी में ही नीचे को निकल गया जिससे तीन दिन बाद लकड़ी के पड़े लिप्टिस के बल्ले गल करके धराशाई हो गए जबकि गृह स्वामी जगत सिंह ने बताया कि घर में जगत सिंह के साथ उनकी पत्नी शिव देई रहते हैं और लड़के किसी अन्य मकान में रहते हैं।

# दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का हुआ आयोजन

● डीएम ने तहसील परिसर में चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यों का किया

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**





संभल। सोमवार को तहसील परिसर सम्भल में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं डूडा विभाग तथा एलडीएम एवं एनआईसी उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा शिविर का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रजिस्टर चेक किये तथा दिव्यांगों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकार को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए लगने वाले शिविरों में दिव्यांगों को किन किन योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है उसकी सूचना दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की रोस्टर बैठक में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि तहसील परिसर सम्भल में लगाए गये विशेष शिविर में 18 दिव्यांगजन आये तथा 8 दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किये गये।

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के लिए 18 लोग चिन्हित किये गये। शिविर में आये दिव्यांगों ने आवास,राशन तथा पेंशन के लिए मांग की जिसपर संबंधित अधिकारी ने बताया कि इनको चिन्हित कर नियमानुसार जांच कराके योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत तहसील परिसर में चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्य के अन्तर्गत नायब तहसीलदार न्यायालय तथा अन्य कक्षों को चेक किया तथा संबंधित को तहसील सम्भल को आईएसओ सर्टिफाइड कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक भाटी, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, एवं तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 79वें स्वतंत्रता दिवस पर आरआरके स्कूल में तीन मैचों की क्रिकेट श्रृंखला सम्पन्न

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**




चंदौसी। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के सीता रोड स्थित आर.आर.के. स्कूल में आर.आर.के. क्रिकेट अकादमी की ओर से तीन मैचों की क्रिकेट श्रृंखला का आयोजन किया गया। रोमांचक मुकाबलों से भरी इस सीरीज में आर.आर.के. रेड और आर.आर.के. ब्लू की टीमें आमने-सामने रहीं। कड़े संघर्ष के बाद आर.आर.के. रेड ने 2-1 से जीत दर्ज कर श्रृंखला पर कब्जा जमाया। टीम के कप्तान सोहम अग्रवाल ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया, जिसके चलते उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। वहीं, सीरीज के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अनुराग यादव चुने गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अर्चना शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, रजतराज और ऋषभ गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। खेल भावना को बढ़ावा देने हेतु दिया जाने वाला फेयर प्ले अवार्ड आर.आर.के. ब्लू के कप्तान धीमन मिश्रा को प्रदान किया गया।

### अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सपाइयों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



संभल। जिला संभल समाजवादी पार्टी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं लोकसभा में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में पुलिस अधीक्षक संभल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए, ऐसे अमर्यादित वक्तव्य देने वालों पर कानूनन सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, उमेश यादव, सद्दाम कुरेशी, मुलायम सिंह , पप्पू यादव, सुनील यादव, निसार अहमद,भावना सक्सेना, मनोज शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष इरफान प्रधान, सत्यभान सिंह यादव, गौरव यादव, होराम सिंह, महबूब, मुकेश यादव, कुबर पाल यादव, शिवम यादव, मनीष यादव, आकाश शंखधार, नदीम खान, रियासत, खुशी राम यादव, अरविंद यादव, हाजी तसव्दुक, डा. अरमान, वीरान यादव, विपिन यादव, शेख सददन, पप्पू यादव, मुजफ्फर प्रधान (अध्यक्ष छात्र सभा), मौ. मुर्शीद, राहुल यादव एवं अन्य समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पूरे प्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों को सदस्य बनाएगा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने जनपद संभल में प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया ' राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पूरे प्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों को सदस्य बनाएगा ' 1 सितंबर 2025 को पूरे देश भर के 5 लाख विद्यालयों में ₹हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान ₹ का संकल्प लिया जाएगा । सोमवार को बहजोई रोड निकट ओ पी जी एम चंदौसी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई जिसमें शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इस वर्ष उत्तर प्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों को सदस्य बनाएगा। इसके साथ ही 1 सितंबर 2025 को देश के 5 लाख विद्यालयों में ₹हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान₹ कार्यक्रम का आयोजन कर शैक्षिक उन्नयन का संकल्प लिया जाएगा। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े शिक्षक संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ( अइफ्रट) से सम्बद्ध शिक्षक संगठन है जो शैक्षिक उन्नयन ,राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं शिक्षकों की गौरव, गरिमा व सेवा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरन्तर कार्यरत है। कार्यक्रम में माध्यमिक संवर्ग मुरादाबाद के जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार राम, जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार , प्राथमिक सवर्ग के जिला संयोजक विकास यादव, सह संयोजक सुभाष चंद, सुदेव कुमार, कमल सिंह, हर प्रसाद पाल, हर गोविन्द, विजनेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चंदौसी आगमन पर स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। सोमवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू की अगुवाई में राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन सिंह का चंदौसी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया.नलिन सिंह ने चंदौसी पहुंचने पर कहा कि चंदौसी में 21 अगस्त से 23 अगस्त तक श्री राम कथा महोत्सव गीता सत्संग भवन में होगी जिसमें आचार्य श्री रामनिवास जी महाराज 17 वी गद्दीपीठाधीश्वर राजस्थान द्वारा को उपस्थिति रहेगी। सभी लोगों को मानवता के रास्ते पर चलने और नशा नहीं करने की अपील की.स्वागत में कवि माधव मिश्रा, अभिनव शर्मा ,डॉक्टर टी एस पाल, रतन वार्ष्णेय, बंटी मास्टर, शुभम अग्रवाल, रितिक वार्ष्णेय,कपिल गुप्ता ,आदि शामिल रहे।

## संपादकीय

# पीएम का 'चिप' संबोधन

**प्रधानमंत्री** मोदी ने लालकिले की प्राचीर से, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण और सुखद घोषणा यह की कि साल के अंत तक हम 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप बनाने लगेंगे। यदि यह घोषणा जमीनी स्तर पर साकार हो जाए, तो आने वाले 10-15 सालों में भारत वाकई 'सोने की चिडिया' वाला देश बन सकता है। यह अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि वैश्विक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के आकलन हैं। भारत एक व्यापक, विविध देश है, जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है, निवेश पर्याप्त हैं और सरकार की प्राथमिकता है, लिहाजा व्यापक स्तर पर 'चिप' का उत्पादन संभव है। हालांकि हम अभी चीन, अमरीका, ताइवान सरीखे देशों से बहुत पीछे हैं। वे 'चिप्स क्रांति' के देश हैं, जबकि भारत अभी शोध के दौर में रहा है। दुनिया डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण में प्रवेश कर रही है, जहां सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण एक रणनीतिक ताकत बन चुके हैं, लेकिन भारत अब भी तैयारियों के शुरुआती मोड़ पर खड़ा है। हालांकि गुजरात और बेंगलुरु में कुछ प्लांट लगाए गए हैं। स्टार्टअप भी काम कर रहे हैं, लेकिन अभी राष्ट्रीय उत्पादन के लिहाज से हम पीछे हैं। चीन आज दुनिया की 'डिजिटल रीढ़' है। माइक्रोचिप से लेकर मोबाइल फोन और सर्वर तक, हर जगह, उसकी उपस्थिति है। अब भारत के लिए चिप का राष्ट्रीय उत्पादन, विस्तार और रोजगार 'तकनीकी संप्रभुता' का सवाल है। भारत के पास प्रतिभाशाली इंजीनियर और डिजाइनर हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के लिए 'चिप निर्माण' के सूत्रधार बने हैं। यदि प्रधानमंत्री मोदी अपनी घोषणा को साकार कराने और उसे निरंतरता देने में सफल रहे, तो सेमीकंडक्टर चिप भारत के लिए 'तेल' साबित हो सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण और देशव्यापी घोषणा प्रधानमंत्री ने जीएसटी को लेकर की है। सरकार ने अपने प्रस्ताव जीएसटी परिषद को विचारार्थ भेज भी दिए हैं।

जीएसटी के दायरे में 10 लाख से ज्यादा वस्तुएं हैं। उसकी स्लैब दरें 12 फीसदी से घटा कर 5 फीसदी की जाती हैं, तो यह देश के लिए वाकई 'दीपावली का तोहफा' होगा। ये वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं-टूथ पाउडर, नमकीन, सूखे मेवे, टूथपेस्ट, साबुन, पेनकिलर दवाएं, सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल और कम्प्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, बर्तन, ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर, पब्लिक वाहन, स्टोब, सीमेंट, फ्रिज, टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन आदि। जाहिर है कि आम आदमी को राहत मिलेगी। अब सिर्फ दो ही स्लैब होंगे-5 फीसदी और 18 फीसदी। जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस आदि वस्तुएं भी सस्ती होंगी। सरकार का आकलन है कि जीएसटी की दरें घटाने से लघु, सूक्ष्म, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे, ठेका श्रमिक बढ़ेंगे, आम आदमी की खर्च योग्य आय भी बढ़ेगी। देश की अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और जीडीपी 0.6 फीसदी से 0.7 फीसदी तक बढ़ सकती है। रोजगार देश की एक बुनियादी समस्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने 1 लाख करोड़ रुपए की 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' की घोषणा की है। दावा किया जा रहा है कि इससे करीब 3.5 करोड़ युवाओं को नौकरियां और रोजगार मिल सकेंगे। इस संदर्भ में सवाल है कि क्या यह योजना बजटीय घोषणाओं से अलग है? सवाल यह भी है कि संसद में बजट पेश करते हुए एक घोषणा की गई थी कि देश की 500 बड़ी कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। भत्ता भी मिलेगा, हुनर भी सीख सकेंगे, सरकार पहली नौकरी पर 15,000 रुपए भी देगी। उस योजना का क्या हुआ, देश को अद्यतन स्थिति ब्रीफ की जाए। प्रधानमंत्री मोदी लालकिले से 103 मिनट तक बोले। यह किसी भी प्रधानमंत्री का, लालकिले से, अभी तक सबसे लंबा भाषण है। प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों को छुआ और यह एक परंपरा रही है। अंतरिक्ष में भारत का स्टेशन बनाने की बात भी कही। हाल ही में अंतरिक्ष से यात्रा कर लौटे शुभांशु शुक्ला का भी प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया। अब अंतरिक्ष पर सोमवार को संसद में चर्चा प्रस्तावित है।

# प्रकृति से खिलवाड़ के खतरनाक नतीजे



विजय गर्ग

> मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मानसून में लंबी बाधा के कारण देश के कुछ हिस्सों में कम बारिश से सूखे जैसे हालात निर्मित हो हैं, , जबकि हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश तबाही मचा रही है। मानसून में रुकावट आ जाने से बादल पहाड़ों पर इकट्ठे हो जाते हैं और यही मूसलाधार बारिश के कारण बनते हैं। मगर तबाही के लिए मानसून को जिम्मेदार ठहरा कर जवाबदेही से नहीं बचा सकता। केदारनाथ में बिना मानसून की रुकावट के ही तबाही आ गई थी। इसलिए यह कहना बेमानी है कि मानसून की रुकावट तबाही में



भारतीय दर्शन के अनुसार, मानव सभ्यता का विकास हिमालय और उसकी नदी घाटियों से माना जाता है। आज विकास के तरीकों और जल्दबाजी से समूचे हिमालय के दरकने का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में धराली गांव समेत तीन स्थानों पर आई प्राकृतिक आपदा एक चेतावनी है कि प्रकृति से खिलवाड़ के नतीजे भयानक हो सकते हैं। धराली और हर्षिल में बाढ़ के रूप में प्रकृति ने जो दृश्य दिखाए हैं, वे वास्तव में भयावह हैं। एक बार फिर चारधाम यात्रा से जुड़े इस मार्ग पर केदारनाथ आपदा की कहानी प्रकृति है।

दरअसल, वर्तमान में समूचा हिमालयी क्षेत्र आधुनिक विकास और जलवायु परिवर्तन के खतरों से दो-चार हो रहा है। मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले उपग्रह चाहे जितने आधुनिक तकनीक से जुड़े हों, वे अनियमित हो चुके मौसम के कारण बादलों के फटने, हिमनदों के टूटने और भारी बारिश होने की क्षेत्रवार सटीक जानकारी नहीं के टूटने दे पाते हैं। वर्ष 2013 में केदारनाथ त्रासदी और 2014 में जम्मू-कश्मीर की नदियों में बाढ़ आने के संकेत भी उपग्रह से नहीं मिल पाए थे। इसी तरह वर्ष 2021 में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के निकट हिमनद के टूटने से तबाही मची थी। इससे धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आई और तपोवन पनबिजली परियोजना में काम कर रहे अनेक मजदूर काल के गाल में समा गए थे। हिमाचल प्रदेश में भी भू-स्खलन, बादल फटने और भारी बारिश से तबाही देखने में आ रही है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मानसून में लंबी बाधा के कारण देश के कुछ हिस्सों में कम बारिश से सूखे जैसे हालात निर्मित हो हैं, , जबकि हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश तबाही मचा रही है। मानसून में रुकावट आ जाने से बादल पहाड़ों पर इकट्ठे हो जाते हैं और यही मूसलाधार बारिश के कारण बनते हैं। मगर तबाही के लिए मानसून को जिम्मेदार ठहरा कर जवाबदेही से नहीं बचा सकता। केदारनाथ में बिना मानसून की रुकावट के ही तबाही आ गई थी। इसलिए यह कहना बेमानी है कि मानसून की रुकावट तबाही में बदली। असल में समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने तथा जल विद्युत और रेल परियोजनाओं के कार्यों में प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है।

इन परियोजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी छोटी नदियों को बड़ी नदियों में मिलाने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है।

आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास में असंतुलन का ही परिणाम है कि आज पहाड़ दरकने लगे हैं, जिन पर हजारों वर्ष से मनुष्य अपनी ज्ञान परंपरा के बूते जीवन यापन करने के साथ हिमालय और वहां रहने वाले अन्य जीव जगत की भी रक्षा करता रहा था हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें, इस दृष्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। इसमें राष्ट्रीय अवधारणा एवं वसुधैव कुटुंबकम की भावना को पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिश की है, लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया।

आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल क्षेत्र में बहने वाली भागीरथी नदी पर बनी 1300 मीटर लंबी और 80 मीटर चौड़ी झील से पानी का रिसाव हो रहा है, इसे पोकलैंड मशीनों से तोड़ने की तैयारी है, ताकि रिसाव के लिए थोड़ा प्रवाह बढ़ जाए और झील का जलस्तर घट जाए। अगर इस झील के बीच कोई बड़ा बोल्डर होगा, तो इसे नियंत्रित विस्फोटक से तोड़ा जाएगा। पहाड़ों में अतिवृष्टि के चलते यह झील अस्तित्व में आ गई है। हिमालय में झील, तालाब और हिमनदों का बनना एक आश्चर्यजनक, लेकिन स्वाभाविक प्रक्रिया है। चूंकि यह झील हर्षिल और धराली के लिए संकट बन गई है, लिहाजा इसे तोड़ा जाना जरूरी हो गया है। अगर यह प्राकृतिक प्रकोप के चलते टूटती है, तो धराली एवं हर्षिल को और खतरा बढ़ जाएगा। देहरादून सिंचाई विभाग के अभियंताओं का बारह सदस्यीय दल हेलिकाप्टर से झील के निरीक्षण में लगा है। झील के प्रवाह में यदि कोई चट्टान बाधा है, तो उसे रिमोट से नियंत्रित विस्फोटक से तोड़ा जाएगा। इस विधि से वही हिस्सा टूटता है, जितना तोड़ना जरूरी होता है। हालांकि अभी तक यह निश्चित अनुमान नहीं लगाया जा सका है. इस जल प्रलय का वास्तविक कारण क्या है। भू-विज्ञानी असमंजस में हैं। सच्चाई जानने के लिए वे अब 'रिमोट सेंसिंग डेटा' और 'सेटेलाइट डेटा' की प्रतीक्षा में है। इससे स्थिति साफ होगी कि खीर गंगा नदी में आया सैलाब बादल फटने, हिमनद टूटने या भू-स्खलन से आया या फिर किसी अन्य कारण से।

इस सिलसिले में भू-विज्ञानियों और विशेषज्ञों का मानना कि नदी में अचानक इतना सैलाब किस कारण से आया, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है। यह आपदा प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों ही कारण से हो सकती है। इन विरोधाभासी अनुमानों से साफ है कि इस बार आई आपदा के बारे में कारण स्पष्ट नहीं है। दरअसल, पर्वतीय क्षेत्रों में प्रकृति के साथ संतुलन बना कर विकास कार्य होना चाहिए, लेकिन कथित विकास की चकाचौंध में राज्य सरकारें कोई संतुलित नीति बना भी लेती हैं, तो उसके क्रियान्वयन में ईमानदारी नहीं बरतती हैं। यही वजह है पूरे हिमालय क्षेत्र में अंधाधुंध विकास की परियोजनाएं हिमालय की आंतरिक सुगठित संरचना को नष्ट कर रही है।

इस आपदा ने यह साफ कर दिया है कि उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में झीलों के खतरे बढ़ रहे हैं। राज्य में ऐसी करीब 1266 झीलें हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने उत्तराखंड में 13 हिमनदों को खतरनाक श्रेणी के रूप में चिह्नित किया है। इनमें से पांच को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा है। हालांकि यह मुद्दा कोई नया नहीं है। वर्ष 2013 में केदारनाथ जल प्रलय के बाद मुद्दा महत्त्वपूर्ण हो गया था।

उत्तराखंड भूकम्प के सबसे खतरनाक जोन-5 में आता है। कम तीव्रता के भूकम्प यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून के दौरान हिमाचल और उत्तराखंड पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पहाड़ों के दुरकने के साथ हल्के भूकम्प भी आ रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बीते सात वर्षों में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकम्प आए हैं। हिमाचल और उत्तराखंड में जल विद्युत और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। टिहरी पर बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक भी हिदायतें देते रहे हैं कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई, तो फिर गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियों और झीलों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है।

## 19 अगस्त : इतिहास की अहम घटनाएं

1897 लंदन में पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का परिचालन किया गया।

1897 लंदन में पहला विद्युत टैक्सी ड्राइवर ने गाड़ी चलायी।

1915 नीदरलैंड में राशन कानून प्रभावी हुआ।

1929 अत्यधिक प्रभावशाली अमेरिकी रेडियो कॉमेडी शो अमोस 'एन' एंडी (सितारों फ्रीमैन गोस्डेन और चार्ल्स कोरेल चित्र) ने अपनी शुरुआत की।

1934 एडोल्फ हिटलर को जर्मनी की पूरी शक्ति दी जाती है, क्योंकि जर्मन लोगों के वोट ने चांसलर और राष्ट्रपति के पदों को फ्यूहरर की स्थिति में एक साथ रखा।

1942 द्वितीय विश्व युद्ध-मित्र सेना को 3,000 से अधिक हताहतों का सामना करना पड़ा, जब उन्होंने फ्रांस के डेप्पे के जर्मन-कब्जे वाले बंदरगाह पर असफल हमला किया।

1945 फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन के खिलाफ अगस्त क्रांति के दौरान, हो ची मिन्ह के तहत वीथ मिन्ह ने उत्तरी वियतनाम में हनोई पर अधिकार कर लिया।

1953 यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने ईरान के प्रधान मंत्री मोहम्मद मोसदेग के तख्तापलट को रोक दिया और मोहम्मद रज़ा पहलवी की पूर्ण राजशाही को बहाल किया।

1960 सोवियत अंतरिक्ष कुत्तों बेल्का और स्ट्रेलका ने कोरबल-स्पुतनिक-2 अंतरिक्ष यान एर्थबोर्ड की परिक्रमा शुरू की।

1978 ओमानी उद्यमी कयेस अल खोनजी का जन्म हुआ।

1978 ईरान के सिनेमा घर में आग लगने से 422 की मौत हुई।

1981 दो अमेरिकी एफ-14 टोमैट्स ने दो लीबिया के सू-22 को गोली मार दी। अमेरिकी नौसेना ने सिदरा की खाड़ी में सैन्य अभ्यास किया।

1989 हंगरी ने पान-यूरोपीय पिकनिक के हिस्से के रूप में ऑस्ट्रिया के साथ अपनी सीमा खोली, जिससे कई सौ पूर्वी जर्मनों को वेस्टवे को दोष देने की अनुमति मिली।

2003 हमास के एक आत्मघाती हमलावर ने शमरुएल हैनवी क्वार्टर जेरुसलम में एक भीड़भाड़ वाली सार्वजनिक बस में 23 लोगों की हत्या कर दी और 130 से अधिक लोगों को घायल कर दिया।

2005 कनाडा के दक्षिणी ओंटारियो में आंधी-तूफान ने कम से कम बवंडर पैदा कर दिया, जो कि $ 500 मिलियन से अधिक के नुकसान में हुआ।

2006 एक तुर्की-ईरानी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन एग्री प्रांत में चल रही है। तुर्की के अधिकारियों ने कहा कि अलगाववादी कुर्द जिम्मेदार थे।

2007 संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण-पूर्व और मिडवेस्ट में एक सप्ताह की गर्मी की लहर ने 49 की मौत का कारण बना।

2008 उत्तर कोरिया ने स्वीडन को शत्रु और संयुक्त राज्य अमेरिका को युद्ध कठपुतली घोषित किया।

2009 ईराक के बगदाद में सिलसिलेवार बम विस्फोट में 101 लोगों की मौत और 565 घायल हुए।

2010 अंग्रेजी का ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी भाषा में नए शब्दों और वाक्यांशों को जोड़ता है जिसमें Vuvuzela, कार्बन कब्जा और भंडारण, विषाक्त ऋण और मात्रात्मक सहजता शामिल हैं।

2010 अमेरिकी सेना की अंतिम ब्रिगेड के कुवैत जाने के साथ ऑपरेशन इराकी फ्रीडम खत्म हुआ।

2012 जापान ने 2012 का महिला बेसबॉल विश्व कप जीता, अपना तीसरा सीधा खिताब हासिल किया।

2013 न्यूजीलैंड में पहली समान-सेक्स शादी अप्रैल में विवाह समानता विधेयक के पारित होने में सफल रही।

## समसामयिक



# अलास्का : आगे और बढ़ें तो शायद दृश्य सुहाने आएँगे!

ऋषभदेव शर्मा

**आखिर** अलास्का के एंकोरेज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता ख़ैरियत से संपन्न हो गई। कहा जा सकता है कि दो महाबलियों की इस मुलाकात ने विश्व मंच पर एक नया अध्याय खोलने की कोशिश की। यह वार्ता यों तो मुख्य रूप से यूक्रेन युद्ध को ख़त्म करने और रूस-अमेरिका रिश्तों को बेहतर करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। लेकिन इसने विश्व व्यवस्था के बदलते समीकरणों को भी बखूबी उजागर किया। यह बात अलग कि ठोस नतीजों की तुलना में यह मुलाक़ात संभावनाओं और चुनौतियों को ही उभारकर रह गई लगती है।इस शिखर वार्ता का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह था कि इसने रूस और अमेरिका के बीच शीत युद्ध के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुँचे रिश्तों में एक संवाद का अवसर मुहैया कराया।

पुतिन ने इसे 'आवश्यक' और 'रचनात्मक' बताते हुए ट्रंप को धन्यवाद दिया, जो दर्शाता है कि रूस इस मुलाकात को अपने कूटनैतिक अलगाव को तोड़ने के मौके के रूप में देखता है। ट्रंप ने इसे एक 'फील-आउट मीटिंग' करार दिया, जिसका लक्ष्य स्थिति को समझना और भविष्य की वार्ताओं का आधार तैयार करना था। इस मुलाकात ने दोनों नेताओं को एक-दूसरे की मंशा को टटोलने का मौका दिया। इसे दीर्घकालिक शांति प्रक्रिया की शुरूआत माना जा सकता है। इसके अलावा, यूक्रेन के बिना इस वार्ता का आयोजन उन यूरोपीय नेताओं के लिए एक चेतावनी भी रहा, जिन्होंने यूक्रेन की भागीदारी पर जोर दिया था।बेशक, बड़ी बैठक से बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, इसकी सबसे बड़ी सीमा यह रही कि कोई ठोस समझौता, युद्धविराम या क्षेत्रीय समाधान हासिल नहीं हो सका। (ट्रंप कुछ भी कहते रहें, लेकिन उनकी चुटकी में जिन्न की चुटकी सा जादू कतई नहीं है!) यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने पुतिन की माँग को खारिज कर दिया, जिसमें डोनेट्स्क के शेष हिस्से और डोनबास क्षेत्र को रूस के पक्ष में छोड़ने की बात थी। यह दर्शाता है कि दोनों पक्षों के बीच यक़ीन की कमी और परस्पर विरोधी हित अभी भी बरकरार हैं। ट्रंप ने धमकी दी थी कि पुतिन के सहमत न होने पर 'गंभीर परिणाम' होंगे। वह भी किसी स्पष्ट रणनीति के अभाव में खोखली चेतावनी बनकर रह गई। इसके अलावा, यूक्रेन को वार्ता से बाहर रखने के फैसले ने यूरोपीय संघ के 26 नेताओं को चिंतित कर दिया, जिन्होंने संयुक्त बयान जारी कर यूक्रेन की स्वायत्तता पर ज़ोर दिया था।

इन हालात में इतना तो ज़रूर कहा जा सकता है कि अलास्का वार्ता एक दीर्घकालिक प्रक्रिया की शुरूआत भर साबित हुई। ट्रंप ने संकेत दिया है कि पुतिन और ज़ेलेंस्की के साथ दूसरी बैठक हो सकती है। इसे यूक्रेन को शामिल करने की दिशा में एक कदम कहा जा सकता है। वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव को देखते हुए, इस मुलाकात ने अमेरिका को रूस और चीन के साथ रिश्तों को पुनर्परिभाषित करने का रास्ता दिखाया है। वैसे, ट्रंप की अप्रत्याशित शैली और पुतिन की अडिग स्थिति को देखते हुए, तत्काल सफलता की संभावना कम है! पुतिन ने इस वार्ता का उपयोग अपनी अंतरराष्ट्रीय वैधता को मजबूत करने के लिए किया, जिसे सयाने उनकी कूटनैतिक जीत भी बता रहे हैं।

किस्सा कोताह यह कि अलास्का शिखर वार्ता ने वैश्विक शांति की दिशा में एक संभावित शुरूआत तो की, लेकिन यह स्पष्ट है कि यूक्रेन युद्ध जैसे जटिल मुद्दों का समाधान एक बैठक में संभव नहीं है। ट्रंप की 'सौदा करने की कला' और पुतिन की रणनैतिक दृढ़ता के बीच टकराव ने इस मुलाकात को एक कूटनैतिक नाटक बना दिया। विश्व व्यवस्था के इस नाजुक मोड़ पर, भारत को भी इस बदलते परिदृश्य में अपनी भूमिका को सावधानी से परिभाषित करना होगा। शांति की राह लंबी है, और यह वार्ता उसमें केवल एक कदम है। फिलहाल तो बस इतना ही कि-_

रह-रह आँखों में चुभती है पथ की निर्जन दोपहरी !आगे और बढ़ें तो
शायद दृश्य सुहाने आएँगे !! **(दुष्यंत कुमार)**

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष



ललित गर्ग




भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं।

हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है।

विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है।

लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती है? आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज़ है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है।

लोकतंत्र की शक्ति केवल सरकार में नहीं बल्कि एक सशक्त और रचनात्मक विपक्ष में भी निहित होती है। विपक्ष लोकतांत्रिक ढांचे का आवश्यक स्तंभ है, जो सत्ता पर निगरानी रखता है, नीतियों में कमियों को उजागर करता है और जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाता है। लेकिन जब विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी को भूलकर केवल नकारात्मक राजनीति पर उतर आए, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होने लगती है और देश की छवि तथा स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आज भारत का विपक्ष जिस तरह संसद को ठप करने, व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार और असंवेदनशील आचरण पर आमादा है, उसने लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। संसद सत्र, जहाँ जनता की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए, वहाँ विपक्ष का रवैया अवरोध पैदा करने वाला अधिक दिखता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा के बजाय नारेबाज़ी और वॉकआउट आम बात हो गई है। यह स्थिति केवल सरकार ही नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए घातक है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विपक्ष ने रचनात्मक भूमिका निभाई है तो लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। 1977 में आपातकाल के विरोध से लेकर 1989 तक विपक्ष ने लोकतंत्र को बचाने और पुनर्जीवित करने का कार्य किया। लेकिन 2014 के बाद से जिस तरह विपक्ष अपरिपक्व, निरंतर बिखरा हुआ, नेतृत्वविहीन और नकारात्मक एजेंडे पर केंद्रित रहा है, उसने लोकतांत्रिक संस्कृति को आघात पहुँचाया है।

विदेशी ताकतें हमेशा से भारत की आंतरिक कमजोरी का फायदा उठाने की फिराक में रहती हैं। जब विपक्ष सरकार की नीतियों का विरोध करने के नाम पर राष्ट्र-विरोध, राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की कार्रवाई या विदेश नीति तक पर सवाल उठाने लगता है, तो इसका सीधा लाभ पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को मिलता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करना विपक्ष का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से हालात यही इशारा कर रहे हैं। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को 'विघटन' में बदल देना खतरनाक है। विपक्ष को याद रखना होगा कि उसकी जिम्मेदारी केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि देश की स्थिरता और विकास को सही दिशा देने की भी है। अगर विपक्ष अपने दायित्वों को नकारात्मक राजनीति में खोता रहा तो यह न केवल उसके लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा। आज समय की मांग है कि विपक्ष आत्ममंथन करे, अपनी नीतियों और रणनीतियों को परखे तथा केवल विरोध के लिए विरोध करने की बजाय वैकल्पिक दृष्टि और ठोस समाधान प्रस्तुत करे। यही सच्चे लोकतंत्र का तकाज़ा है और यही राष्ट्रहित का मार्ग।

## खबरें फटाफट

### जिलाधिकारी ने ब्लॉक भीतरगांव के साढ़ स्थित गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण



कानपुर,जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने ब्लॉक भीतरगांव के साढ़ स्थित गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रय स्थल का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण में पाया गया कि आश्रय स्थल में वर्तमान में केवल 23 गौवंश ही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक निराश्रित गौवंशों को आश्रय प्रदान किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गौवंशों को पर्याप्त चारा, पानी तथा अन्य आवश्यक सामग्री समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी गौवंशों का नियमित टीकाकरण कराया जाए तथा बीमार पशुओं के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे स्वास्थ्य संबंधित किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि गौवंश संरक्षण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान यह प्रकाश में आया कि यहां जल भराव की स्थिति रहती है जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिए।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को साइकिल प्रदान कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया

कानपुर,इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 311 द्वारा बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन बेनाझाबर में अपने विशेष सेवा प्रकल्प उड़ान द पावर साइकिल डोनेशन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को साइकिल प्रदान कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और आत्मनिर्भर बनाना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायका नीलिमा कटियार व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन मनीषा बाजपेई व डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार आरती मल्होत्रा उपस्थित रही वही गणमान्य अतिथियों एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन का भी स्वागत किया गया वही मुख्य अतिथि नीलिमा कटियार ने कहा कि इनर व्हील की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। वही डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन मनीषा बाजपेयी ने कहा कि कानपुर के विभिन्न क्लबों को जोड़कर आगे भी कई प्रोजेक्ट्स करने की योजना है। वही कानपुर जोन के विभिन्न क्लब्स द्वारा साइकल प्रदान करना,जिसमें कानपुर के विभिन्न क्लबों द्वारा भाग लिया गया जिसमें कुल मिलाकर 50 साइकिलें जरूरतमंद बेटियों को प्रदान की गईं। एक लाभार्थी को मंच पर बुलाया गया,जिसने अपनी खुशी और आभार व्यक्त कर सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सबा युनुस द्वारा किया गया व देविका द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।



## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद

डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा।

वृष : बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

मिथुन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

सिंह : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा।

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे।

कुम्भ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी।

मीन : लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका समयबद्ध तरीके से करें निस्तारण:-मुख्य विकास अधिकारी**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० ने तहसील रसूलाबाद में आयोजित तहसील समाधान दिवस में अध्यक्षता करते हुए जनसामान्य की समस्याएं सुनीं और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उनके समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान करना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभाग, जैसे समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग आदि, तहसील दिवस पर कैंप आयोजित करें, ताकि पात्र शिकायतकर्ताओं को उसी दिन योजनाओं से जोड़ा जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण की फीडिंग नियमित रूप से की जाए और रैंडम आधार पर अधिकारी स्वयं उसका परीक्षण करें। केवल संतुष्टिपरक निस्तारण ही पोर्टल पर अपलोड किया जाए ताकि पीड़ित को वास्तविक लाभ मिल सके और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य सुनिश्चित हो। वहीं समाधान दिवस के अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत , अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, ए०डी०ओ०(ए०जी०) एवं ए०डी०ओ० सहकारिता मौके पर अनुपस्थित पाए गए जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित का एक दिन का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ शासनादेश के अनुक्रम में पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्थिति में अपात्र व्यक्ति लाभ न पाए और कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। तहसील समाधान दिवस में राजस्व विभाग 24, विकास विभाग 12, पुलिस विभाग 07 चकबंदी 01 आपूर्ति 04 विधुत विभाग से 06, नगर पंचायत 01 अन्य 01 कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष पर कार्रवाई प्रक्रिया गत है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शीघ्र कराते हुए रिपोर्ट प्रेषित की जाये। इस मौके पर उपजिलाधिकारी रसूलाबाद, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कर्नलगंज गारमेंट वेलफेयर संगठन द्वारा रेडीमेड स्वदेशी फेयर का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,जीटी रोड स्थित होटल ब्रिज में कर्नलगंज गारमेंट वेलफेयर संगठन द्वारा रेडीमेड स्वदेशी फेयर का आयोजन हुआ एक बातचीत के दौरान अब्दुल सफीक महामंत्री ने बताया कि कर्नलगंज स्वदेशी फेयर में कई स्टॉल लगे हैं जिसमें कानपुर शहर के आसपास के जनपदों से एवं अन्य राज्यों से व्यापारी भाइयों ने रेडीमेड कपड़ों के स्टॉल प्रदर्शित किए हैं जिसमें थोक व्यापारी भाइयों को एक ही छत के निचे उचित दाम में बेहतरीन वैरायटी उपलब्ध कराना और रेडीमेड गारमेंट करने वाले व्यापारियों को व्यापार से जोड़ना हमारा मकसद है फेयर का उद्घाटन वरिष्ठ व्यापारी नेता ज्ञानेंद्र मिश्रा और गुरजिंदर सिंह ने रिबन काटकर किया यहाँ फेयर दो दिवसीय आयोजित की गई है जिसमें भारी डिस्काउंट के साथ बेहतरीन नई डिजाइन के रेडीमेड कपड़े उपलब्ध होंगे जिसमें आने वाले सभी व्यापारियों को भरपूर लाभ मिलेगा फेयर में सभी प्रकार के रेडीमेड गारमेंट कपड़े उपलब्ध होंगे और व्यापार हित में आगे भी इस तरह के फेयर प्रदर्शनी आयोजित कि जाएगी।

## भगवान में आस्था से पांडु नगर में हुआ भव्य राम जानकी मंदिर का निर्माण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। इस महानगर में धर्म और अध्यात्म का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसके फलस्वरुप भगवान में आस्था रखने वाले लोग भव्य मंदिरों का भी निर्माण कराने में पीछे नहीं है। ऐसे ही राम जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण यहां पांडव नगर के महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में भी किया गया है। श्री राम जानकी का यह भव्य मंदिर भक्तों की आस्था का भी केंद्र बना हुआ है ,जहां पर वह प्रतिदिन पूजा, अर्चना करने भी आते हैं।

हर किसी के सुख - दुख में सदैव खड़े होने वाले, समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी ट्रांसपोर्टर ओमप्रकाश भाटिया द्वारा निर्मित कराए गए इस भव्य राम जानकी मंदिर में भगवान श्री सीता राम और लक्ष्मण के साथ ही राधा कृष्ण ,भगवान शंकर और पार्वती के साथ मां दुर्गा अदि की भी भव्य मूर्तियां स्थापित की गई हैं।

इस बार के श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भी श्री रामजानकी मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को बड़ी श्रद्धा के साथ बहुत उत्साहपूर्वक धूमधाम से मनाया। जैसे ही रात को 12:00 बजे इस भव्य राम जानकी मंदिर में घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के बीच कान्हा का जन्मोत्सव मनाते हुए भक्तों ने लड्डू गोपाल को पालने में झुलाया।

इस दौरान आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों ने भक्तों को झूमने पर भी मजबूर कर दिया। इस अवसर पर सतीश कुमार चड्ढा, मारुत सेठ, ब्रिजकिशोर गुप्त, जयदीप दुआ, हिमांशु तांगड़ी, गगन पांडेय, प्रदीप दीक्षित, अविनाश त्रिपाठी, प्रियंका, आशा भाटिया समेत , आर-बी.एस.चौहान, आर.के. श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता ,मानसी

## सीएचसी मझावन में जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण, एक्सरे मशीन के क्रियाशील न होने पर जताई नाराजगी

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर,जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को प्रातः 10:15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझावन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दवा वितरण काउंटर से शुरुआत की और मरीज शिवप्यारी की पर्ची पर दर्ज दवाओं की उपलब्धता की जांच की। सभी दवाएं मौके पर उपलब्ध पाकर उन्होंने संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान जब जिलाधिकारी ने एक्सरे व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तो मेडिकल ऑफिसर डॉ दिनेश भगरिया ने बताया कि केंद्र में डिजिटल एक्सरे मशीन पिछले एक वर्ष से रखी हुई है, लेकिन फिल्म डेवलपर मशीन न होने के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। मरीजों को एक्सरे कराने के लिए निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों पर जाना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने आश्चर्य व्यक्त किया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इस संबन्ध में स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने कहा कि मशीन और टेक्नीशियन मौजूद होने के बावजूद एक भी एक्सरे न होना गंभीर लापरवाही है। इसके बाद जिलाधिकारी ने पैथोलॉजी और प्रसव वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाई जाए और हर मरीज को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों से भी संवाद किया और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मेडिकल ऑफिसर डॉ दिनेश ने बताया कि सोमवार को 78 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ लिया जबकि 34 लोगों की जांच पैथोलॉजी में हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी।

## युवती से मोबाइल छीनकर भागे दो बदमाशों में से एक पुलिस के हवाले



कानपुर के चौबेपुर में एक युवती से मोबाइल छीनकर भागे दो बदमाशों में से एक को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना शनिवार दोपहर की है।

चौबेपुर के शांति नगर की 18 वर्षीय दीनू पाल कस्बे से मालौ की ओर जा रही थी। मालौ रेलवे क्रॉसिंग के पास बाइक सवार दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने युवती के हाथ से मोबाइल छीन लिया। युवती के शोर मचाने पर वहां मौजूद कुछ बाइक सवार युवकों ने बदमाशों का पीछा किया। राहगीरों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया।

## महापौर ने 1200 पार्कों से कब्जा हटाये जाने हेतु प्रस्ताव करेंगी पारित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर प्रमिला पांडेय द्वारा नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता ''सिविल'' व अधिशाषी अभियन्ता, जोन-1,4 के साथ कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा निर्मित एवं नगर निगम कानपुर को हस्तानान्तरित ₹द स्पोर्टस हब₹ के गेट के बाहर विभिन्न समाचार पत्रो में दीवार गिराये जाने सम्बन्धित खबर के सम्बन्ध में बैठक की गयी।

बैठक में महापौर द्वारा नगर आयुक्त सुधीर कुमार से पूछा कि दीवार किसके द्वारा बनायी जा रही थी ? नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने महापौर को बताया कि नगर निगम द्वारा दीवार नही बनायी जा रही थी। वहीं मुख्य अभियन्ता ''सिविल'' सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने बताया कि दीवार अभियन्त्रण विभाग द्वारा नहीं बनायी जा रही थी। जिस पर महापौर ने पूछा कि जब नगर निगम के धन से दीवार का निर्माण नहीं हो रहा था, तो मुकदमा कराये जाने की खबर आपके द्वारा अखबारों क्यों प्रकाशित करायी गयी जिस पर वो कोई जवाब नहीं दे सके। महापौर ने नगर आयुक्त से कहा कि हमें 05 प्रश्नों के उत्तर लिखित में चाहिए जिनमें परशुराम वाटिका में राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को निर्माण कार्य क्यों कराया जा रहा था। यदि दीवार निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा हो रहा था, तो कोई पत्रावली क्यों नही बनायी गयी ? यदि संस्था भगवान परशुराम सर्वकल्याण सेवा समिति के लोगों द्वारा चोरी छिपे वहॉ कार्य कराया जा रहा था, तो उनके ऊपर कार्यवाही क्यों नही की गयी। संस्था भगवान परशुराम सर्वकल्याण सेवा समिति के लेटर पैड पर सरकारी भूमि पर बना पार्क का पता लिखवाया है, इससे तो ये पार्क में कब्जा कर रहे है, इनके सभी लोगों पर मुकदमा लिखवाकर जॉच कराई जाए व परशुराम वाटिका में बना कमरा संस्था भगवान परशुराम सर्वकल्याण सेवा समिति को किसके आदेश से उन्हें मिला है और किसके द्वारा कब्जा किया गया है ?

## जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मैथा में सुनी शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर देहात आज तहसील मैथा के सभागार में नवागंतुक जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम पिछले समाधान दिवस की 36 शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, जिनमें 20 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद कर गुणवत्तापरक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व उप जिलाधिकारियों को गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करने तथा मुख्य हाईवे पर अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए। जल निगम के अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति पर गंभीर नाराज़गी जताते हुए शासन को पत्र भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शासन द्वारा संचालित समस्त लाभार्थी परक योजनाओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक तहसील दिवस में संबंधित तहसील में पात्र लाभार्थियों की सूची के साथ उपस्थित हों। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक जनतादर्शन करें और प्राप्त शिकायतों को पंजिका में अंकित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी को तहसील एवं ब्लॉकवार उर्वरक स्टॉक का आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र जनता तक पहुँचना चाहिए। समाधान दिवस में कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 का निस्तारण मौके पर किया गया। इनमें 29 राजस्व, 07 विद्युत, 07 विकास खंड, 05 पूर्ति, 09 पुलिस तथा 02 जिला विकास अधिकारी से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, डीएफओ ए के पाण्डेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# वकील अखिलेश दुबे लड़कियों से फर्जी मुकदमे लिखवाकर लोगों से वसूलता था करोड़ों

**BJP नेता ने अखिलेश पर झूठा मुकदमा करने का आरोप लगाया कि उन पर फर्जी केस लगाकर 50 लाख की वसूली की**

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर का वकील अखिलेश दुबे लड़कियों से फर्जी मुकदमे लिखवाकर लोगों से करोड़ों वसूलता था। हाल में एक BJP नेता ने अखिलेश पर झूठा मुकदमा करने का आरोप लगाया कि उन पर फर्जी केस लगाकर 50 लाख की वसूली की।

इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। फिर अखिलेश के काले कारनामों की परत-दर-परत खुलती चली गई। पता चला कि अखिलेश ने शहर में 1500 करोड़ की सरकारी संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है।

उन पर स्कूल, गेस्ट हाउस और कॉमर्शियल एक्टिविटी कर रहा था। लेकिन, बड़े-बड़े अफसर उस पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। संपत्तियों की कुल बाजार कीमत 2500 करोड़ से ज्यादा की हैं। अखिलेश दुबे पुलिस के लिए मुफ्त में चार्जशीट लिखता था।

दुबे के सिंडीकेट में कई IPS-PPS अफसर भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी काली कमाई दुबे के जरिए जमीनों और अलग-अलग कंपनियों में खपा रखी है। कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने दुबे को अरेस्ट करके जेल भेजा, तो पूरा सिंडीकेट का खुलासा हुआ।

अब तक की जांच में सामने आया कि अखिलेश दुबे पुलिस के लिए केस डायरी और चार्जशीट




लिखने का काम करता था। अखिलेश दुबे ने पुलिस महकमे से रिटायर कई पुलिस कर्मियों को अपने यहां नौकरी दे रखी थी, जो लिखापढ़ी में माहिर थे।

करीब 12 से 15 सालों से तो ये हालात हो गए थे कि प्रदेश के हर बड़े एनकाउंटर में पुलिस पहले दुबे से सलाह-मशविरा करती, इसके बाद एनकाउंटर करती। दुबे उसकी केस डायरी लिखता था। इसके लिए वह फीस नहीं लेता था। अतीक अशरफ का मर्डर हो या विकास दुबे का एनकाउंटर, एसटीएफ के हर बड़े एनकाउंटर की केस डायरी दुबे का गाइडेंस जरूर रहता था।

इससे दुबे की पुलिस अफसरों की नजदीकी बढ़ती चली गई और दुबे ने जिस पर जब चाहा रेप की एफआईआर दर्ज करवाकर जेल भिजवा दिया। दुबे के लिए किसी मामले में एफआईआर दर्ज कराना खेल जैसा था। कहा जाए तो पुलिस उसकी जेब में थी। यही वजह थी कि कानपुर में बड़े से बड़ा व्यक्ति या एमपी, एमएलए दुबे से मोर्चा लेने में घबराते थे।

इसी दहशत का फायदा उठाकर कानपुर के बड़े बिल्डरों के साथ पार्टनरशिप की और फिर धीरे-धीरे जमीनों के धंधे में उतर गया। कानपुर या यूपी के बड़े शहर ही नहीं उत्तराखंड तक में प्लॉटिंग करके जमीनों को बेचा।

अधिवक्ता अखिलेश दुबे मूल रूप से कन्नौज के गुरसहायगंज का रहने वाला है। उसके पिता सेंट्रल एक्साइज में कॉन्स्टेबल थे। मेरठ में तैनात थे। वहां रहने के दौरान अखिलेश दुबे की सुनील भाटी गैंग से भिड़ंत हो गई। इसके बाद वह भागकर कानपुर आ गया।

बात करीब 1985 की है। अखिलेश दुबे किदवई नगर में किराए का कमरा लेकर रहने लगा। दीप सिनेमा के बाहर साइकिल स्टैंड संचालित करता था। इस दौरान मादक पदार्थ तस्कर मिश्री जायसवाल की मादक पदार्थ की पुड़िया बेचने लगा। धीरे-धीरे आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया।

# पीजीआईएमएस रोहतक में मदर मिल्क बैंक की शुरुआत

## हरियाणा का पहला मदर मिल्क बैंक ट्रायल के तौर पर हुआ शुरू

### एक बार डोनेट हुआ मिल्क 20 डिग्री तापमान पर रखा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



रोहतक। यदि आपका बच्चा प्री-मैच्योर है, आपके बच्चे का वजन कम है और आप अपने बच्चे को किसी कारणवश अपना दूध नहीं पिला पा रही हैं तो यह खबर आपके लिए बहुत ही राहत भरी हो सकती है। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने प्रदेश भर के नवजात शिशुओं और माताओं को बहुत बड़ी राहत देते हुए पीजीआईएमएस रोहतक में मदर मिल्क बैंक की ट्रायल के तौर पर शुरुआत करवाई है।

सोमवार को कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने मदर मिल्क बैंक का निरीक्षण किया और वहां की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जाना और माताओं से वार्ता की। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने मदर मिल्क बैंक के निरीक्षण के दौरान डॉ. जगजीत और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिल्क बैंक नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और पीजीआईएमएस रोहतक की स्वास्थ्य सेवाओं को और भी मजबूत बनाएगा। डॉ.एचके अग्रवाल ने कहा कि वें हरियाणा सरकार व एनएचएम का धन्यवाद व्यक्त करते हैं जिन्होंने संस्थान में यह मिल्क बैंक शुरू करने में योगदान दिया।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मदर मिल्क बैंक नवजात शिशुओं के लिए मां के दूध की कमी को पूरा करने में मदद करेगा। यह विशेष रूप से प्रीमैच्योर शिशुओं और कम वजन वाले नवजात शिशुओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें मां के दूध की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। डॉ. एच.के. अग्रवाल ने बताया कि मदर मिल्क बैंक में दूध को सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से संग्रहीत किया जाता है, जिससे शिशुओं को उच्च गुणवत्ता वाला दूध मिल सके।

निदेशक डॉ.एसके सिंघल ने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस मदर मिल्क बैंक के शुरू होने से शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी और बच्चा जल्दी स्वस्थ होकर घर जाएगा जिससे अस्पताल खर्च में भी कमी आएगी। नियोनेटोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. जगजीत दलाल ने बताया कि यह एक कंप्रिहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर है जिसमें माता की कांउसलिंग की जाती है, माताओं को अपना दूध पिलाने के लिए प्रेरित किया जाता है और इसके अलावा मिल्क स्टोरेज व अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं,इसलिए इसे रिसेंटली कंप्रिहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर व सीएलएमसी के नाम से भी जाना जाता है।

# प्रदेश के विश्वविद्यालयों में बनेंगे पांच एक्सीलेंस सेंटर

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को खेलों में अग्रणी बनाए रखने और मिशन ओलंपिक 2036 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों में खेल विभाग के 5 एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

प्रत्येक सेंटर में तीन खेलों की सुविधा होगी। कुल मिलाकर 15 खेलों का प्रशिक्षण एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विश्वविद्यालयों के साथ बैठक कर इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में मिशन ओलंपिक 2036 के संबंध में खेल विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने राज्य में खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने, खेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने और खिलाडिय़ों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का खेल महाशक्ति राज्य है और इस स्थिति को और मजबूत करने के लिए खिलाडिय़ों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं दी जाएंगी। स्टेडियमों का आधुनिकीकरण किया जाएगा, कोच की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और प्रशिक्षण, खेल विज्ञान तथा पोषण संबंधी व्यवस्थाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप सुदृढ़ किया जाएगा। एक्सीलेंस सेंटर में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शायन, खेल विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल तथा खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति अशोक कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोहतक के जाट अखाडा हत्याकांड में हथियार सप्लायर साढे चार साल बाद गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



रोहतक। रोहतक के बहुचर्चित जाट कालेज अखाडा हत्याकांड के मुख्य आरोपी को हथियार देने वाले सप्लायर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी साढे चार साल से फरार चल रहा था और पुलिस ने उस पर पांच हजार रूपये का ईनाम भी रखा हुआ था।

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2021 को जाट कालेज के जिम्रेजिय हाल मे सुखविन्द्र ने मुख्य कोच मनोज, उसकी पत्नी साक्षी, तीन साल का बेटा सरताज, कोच प्रदीप मलिक, सतीश दलाल व खिलाडी पूजा तोमर की गोली मारकर निर्मम हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी सुखविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि आरोपी सुखविन्द्र को अवैध हथियार व गोली उपलब्ध करवाने वाला आरोपी ढुंगर निवासी दर्शन फरार चल रहा था।

सोमवार शाम को रोहतक पुलिस टीम ने कारवाई करते हुए आरोपी दर्शन को मुजफ्फरगर से गिरफ्तार किया। आरोपी साढे चार साल से फरार चल रहा था और पुलिस लगातार आरोपी के ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस हथियार सप्लायर से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी पर पांच हजार रुपये ईनाम भी घोषित कर रखा। पुलिस की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस को रविवार देर रात इस बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार किया।

# चोपटा के बीडीपीओ कार्यालय में गरजे मनरेगा मजदूर

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सिरसा। सिरसा जिला के नाथूसरी चोपटा बीडीपीओ कार्यालय में 30 से अधिक गांवों के मनरेगा मजदूरों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया और मनरेगा कार्य शुरू करवाने के लिए बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि लैंड डेवलपमेंट भूमि सुधार के अंतर्गत सभी सरकारी संस्थान जैसे सरकारी स्कूल, श्मशान घाट, चौपाल, सरकारी अस्पताल इत्यादि में कार्य करवाया जाएं। लैंड डेवलपमेंट भूमि सुधार के अंतर्गत केवल पंचायती जमीन के सुधार कार्य करवाए जाएं। मनरेगा के तहत रास्तों की बर्म सफाई का कार्य करवाया जाए।

नाथूसरी चोपटा बीडीपीओ कार्यालय में एकत्रित हुए गंजा रुपाणा, नारायण खेड़ा, निरबाण, जमाल, साहू वाला द्वितीय, खेड़ी, कुकड़ थाना, शाहपुरिया, तरकांवाली, राजपुरा कैरांवाली, नेजिया खेड़ा, कागदाना, चाहर वाला, शक्कर मंदोरी, माखोसरानी, नहराना, लुदेसर, ताजिया खेड़ा, शेरपुरा, अली मोहम्मद, राजपुरा साहनी, रूपावास, रंधावा, चाडीवाल, मोची वाली, गदली, डिंग जोधकां, दड़बा कला सहित कई गांवों के मनरेगा मजदूरों ने सरकार द्वारा बंद करवाए गए मनरेगा कार्यों को शुरू करवाने के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान संजना, शारदा, सावित्री, सीता देवी, प्रवीणा, भागवती, संतोष, शैलजा, सुलोचना, रोशनी, ज्ञानी, बलकेश, सावित्री, नीमा, राजू, चंदन राम, सरस्वती, सुमित्रा, वेद प्रकाश सहित सैकड़ों मजदूरों ने किसान मजदूर एकता के नारे लगाए।

## सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का फैसला लेने को समिति का पुनर्गठन

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में किसी दिन को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने से संबंधित सभी मामलों की जांच और विचार हेतु राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्थायी समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को जारी आदेशों के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव समिति के सदस्य के सदस्य होंगे। मानव संसाधन विभाग के विशेष सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। सदस्य सचिव को इस संबंध में आमजन अथवा जन प्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले अनुरोध स्वीकार करने के लिए अधिकृत किया गया है।

## खबरें फटाफट

### गुरुग्राम: विदेशी नागरिक से कागज जांचने के बहाने रोका और लूटे 4800 डॉलर

गुरुग्राम। यहां एक विदेशी नागरिक के कागज जांचने के बहाने पुलिस की वर्दी पहनकर बदमाशों ने 4800 डॉलर लूट लिए। डॉलर्स की कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई है। यह घटना आर्टेमिस अस्पताल के बाहर की है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार तुर्की का एक नागरिक गुरुग्राम के आर्टिमिस अस्पताल में उपचार कराने के लिए आया हुआ है। सोमवार को वह अस्पताल से लौट रहा था। इसी दौरान सेक्टर-53 में पुलिस की वर्दी में एक हुंडई कार में सवार बदमाशों ने उसे रोका और उससे कागज मांगे। कागजों के बहाने उसके बैग से 4800 डॉलर निकाल लिए। डॉलर निकालने के बाद वे कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित विदेशी नागरिक ने वारदात की सूचना सेक्टर-53 पुलिस थाना में दी। बताया कि बदमाशों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने फर्जी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें भी बनाई हैं। विदेशी नागरिकों के लिए यह घटना चिंता का विषय है और पुलिस के लिए चुनौती भी। इसलिए पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### कार में सो रहे युवक को कार सहित किया अगवा

गुरुग्राम। यहां एक ड्राइवर को बंधक बनाकर उससे गाड़ी लूटने और फिर गाड़ी को बेचने की योजना बनाने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपियों में एक नाबालिग है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार डीएलएफ सेक्टर-2 पुलिस थाना क्षेत्र में एक युवक अपने दोस्तों के साथ मिराज क्लब सेक्टर-29 में किराये पर कार लेकर गया था। रात को क्लब से वापस आकर वह कार में ही सो गया सोमवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे तीन युवक कार के पास अए।

# मणप्पुरम गोल्ड लोन से साढ़े आठ किलो सोना लूटकर ले गए थे बदमाश

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुरुग्राम। यहां मणप्पुरम गोल्ड लोन की शाखा से डकैती के दौरान हथियारबंद बदमाश साढ़े आठ किलो सोना लूटकर ले गए थे। सोने की कीमत करीब नौ करोड़ रुपए आंकी गई है। शाखा से बदमाश 323 पैकेट सोना लूट ले गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। कर्मचारियों को बंधक बनाकर उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। शनिवार की शाम को इस घटना के बाद गोल्ड लोन शाखा में आंतरिक ऑडिट करना शुरू किया गया। यह ऑडिट सोमवार को पूरा हो गया और नुकसान की जानकारी सामने आई।

मणप्पुरम गोल्ड लोन की शाखा में लूट के सामने की जांच की गई। दो दिन तक चली जांच के बाद यह पता चला कि शाखा में जमा 32 किलो सोने में से साढ़े आठ किलो सोना लूटकर ले गए हैं। जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया, उससे यह साफ है कि वे पहले लूट की पूरी योजना बना चुके थे। शाखा में भी वे या उनके साथी आकर पूरी तस्वीर बना चुके थे। इसके बाद इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

बता दें कि शनिवार की शाम को शीतला माता रोड स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा में बदमाश ऑडिटर बनकर आए थे। उस समय शाखा में एक सिक्योरिटी गार्ड व दो कर्मचारी मौजूद थे।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, पीड़िता को मिलेगा 1.60 लाख मुआवजा

**नेशनल एक्सप्रेस**

फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद जिला की फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को आरोपित युवक को दोषी करार देते हुए उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने आरोपित पर 2.10 लाख का जुर्माना भी लगाया है, जिसमें से 1.60 लाख की राशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। मामले के अनुसार, पीड़िता के पिता ने थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दी थी कि उनकी नाबालिग बेटी को अशोक कुमार उर्फ धोलू निवासी रतिया बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। महिला अनुसंधानकर्ता ने तत्परता से जांच करते हुए आईपीसी की धारा 363, 366ए, 34 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने 25 फरवरी 2023 को लड़की को बरामद कर न्यायालय में धारा 164 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज करवाए। पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में धारा 376(2)(एन), 376(3) आईपीसी एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2), 6 जोड़ी गई। आरोपित को 2 मार्च को गिरफ्तार कर पूछताछ में शामिल किया गया और 5 मई 2023 को पुलिस ने अंतिम चालान अदालत में पेश किया।

# पानीपत में फैक्टरी से लाखों के कंबल चोरी करने का आरोपी सुपरवाइजर गिरफ्तार




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

पानीपत, । पानीपत पुलिस टीम ने नूरपुर मुगलान स्थित फैक्टरी से लाखों रूपए कीमत के कंबल चोरी करने के मामले में आरोपी सुपरवाइजर को रविवार देर शाम सेक्टर 24 में उझा मोड़ से गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में सेक्टर 11 निवासी तरूण गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी नूरपुर मुगलान में मयुर इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। उसे कुछ दिन पहले खबर मिली की उसकी फैक्ट्री का कंबल बाजार में कम दाम पर बिक रहा हे।

उसने फैक्टरी में लगे कैमरे चेक किए तो मेन गेट का कैमरा रात 7 बजे से सुबह 8 बजे तक बंद मिलता है। उसने रात के गार्ड से पूछताछ की, गार्ड ने बताया कैमरों को रविंद्र बंद करता था। माल बारे पूछताछ करने पर गार्ड ने बताया पिछले 10 महीने से सुबह 5 बजे गाड़ी आती रही है। गाड़ी में रविंद्र माल लोढ करवाता है। यह हफ्ते में तीन से चार बार होता है। 15 जुलाई से 19 जुलाई के बीच 4 गाड़ी लोड हुई है। सुपवाइजर रविंद्र ने फैक्टरी से माल चोरी कर बेचा है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में तरूण की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी रविंद्र ने फैक्टरी से तैयार माल कंबल चोरी करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकार किया । पुलिस ने सोमवार को सुपवाइजर आरोपी रविंद्र को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में शामिल अन्य आरोपियों का पता लगा काबू करने व चोरी का माल बरामद करने का प्रयास करेगी।

# पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र बनेगा अग्रोहा

## -अग्रोहा को मिलेगी विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर नई पहचान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंडीगढ़,। हरियाणा सरकार द्वारा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अग्रोहा को विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के लिए इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल और सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र के रूप विकसित किया जा रहा है। इसके तहत अग्रोहा में अत्याधुनिक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जहां खुदाई से प्राप्त पुरावशेषों को संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई बैठक में अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के विकास की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, असीम गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्रोहा, महाराजा अग्रसेन की राजधानी होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण पुरातात्विक और सांस्कृतिक स्थल है। इसके विकास से यह न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में भी उभरेगा। नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि हिसार-अग्रोहा मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा एक समग्र मास्टर प्लान तैयार किया जाए, जिसमें अग्रोहा को एकीकृत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की विस्तृत रणनीति शामिल हो। साथ ही, अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के आसपास स्थित टीलों की जियो टैगिंग कर उस क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए, ताकि इन टीलों को किसी भी प्रकार की क्षति से बचाया जा सके।

# गुरुग्राम की जल्द बदलेगी तस्वीर, नागरिकों के सुझावों पर तैयार किया गया एक्शन प्लान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



गुरुग्राम। शहर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सुनिश्चित करने के एक्शन प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस एक्शन प्लान के तहत स्वच्छता, सडक़ों की मरम्मत, जलनिकासी, बेसहारा पशुओं को आश्रय उपलब्ध कराना, डीएचबीवीएन की सभी लाइनों के आसपास पेड़ों की ट्रीमिंग व उनका उचित निपटान, खुले में कूड़ा जलाने की प्रवृति पर रोक लगाने आदि कार्यों को लेकर संयुक्त प्रक्रिया आरम्भ होगी। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर द्वारा पिछले छह दिनों से गुरुग्राम प्रवास के दौरान विभिन्न नागरिक संगठनों, आरडब्ल्यूए, सामाजिक व अन्य संस्थाओं से मिले फीडबैक के आधार पर यह एक्शन प्लान तैयार हुआ है। राजेश खुल्लर ने सोमवार को हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरुग्राम में दो अलग अलग सत्रों में नगर निगम के पार्षदों व जिला में नियुक्त प्रथम श्रेणी के अधिकारियों की बैठक ली। इन विषयों पर तैयार योजना व लक्ष्य हासिल करने की समय सीमा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रस्तावित एक्शन प्लान को लेकर बताया कि इस मॉडल का प्रयोग फिलहाल गुरुग्राम में किया जाएगा। यह प्लान सफल हुआ तो ये गुरुग्राम का अपना मॉडल ऑफ गवर्नेंस होगा। जिसका इस्तेमाल प्रदेश के दूसरे शहरों में भी होगा।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पहले सत्र में नगर निगम, गुरुग्राम के पार्षदों से उनके क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मेयर राजरानी मल्होत्रा के साथ बैठक में पहुंचे पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विषयों को बैठक में रखा। खुल्लर ने ध्यानपूर्वक सभी पार्षदों की बातों को सुना और उनके समाधान के लिए सुझाव भी लिए। इस चर्चा में मुख्य प्रधान सचिव ने सभी पार्षदों को आश्वस्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका असर आपको अति शीघ्र देखने को भी मिलेगा। इस कार्य में आपका सहयोग अति आवश्यक है।

दूसरे सत्र में राजेश खुल्लर ने जिला में तैनात सभी प्रथम श्रेणी अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बरसात के दौरान होने वाले हादसों को लेकर नागरिकों से मिली शिकायत पर गंभीरता जाहिर करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में ऐसी घटना होती है तो उस एरिया के जेई, एसडीओ व एक्सईएन के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। साथ ही नवंबर तक विभाग में सभी कर्मचारियों व अधिकारियों की छुट्टी रद्द की जाए।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43 YEARS
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash-II New Delhi-110048
15/240 Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram facebook

# मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आयुक्त सख्त

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा। सोमवार को आयुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडल के चारों जिलों गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती में सड़क सुरक्षा की अद्यावधिक स्थिति और सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सड़क दुर्घटनाओं, घायलों की संख्या और मृतकों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बढ़ोतरी हुई है। इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए।



- सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बढ़ोतरी पर जताई नाराजगी
- संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए
- ब्लैक स्पॉट खत्म करने व जागरूकता बढ़ाने के निर्देश

***बढ़ते हादसों पर चिंता**

समीक्षा के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक मंडल में कुल 755 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं। वहीं इस वर्ष केवल छह माह (1 जनवरी से 30 जून 2025) में ही दुर्घटनाओं की संख्या 874 तक पहुंच गई है। इसी अवधि में घायलों की संख्या में 93 और मृतकों की संख्या में 66 की वृद्धि दर्ज की गई है। इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुये सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के सख्त निर्देश दिए।

***रोड सेफ्टी पॉलिसी पर मंथन**

बैठक में रोड सेफ्टी पॉलिसी के 4E – Education (शिक्षा), Enforcement (प्रवर्तन), Engineering (इंजीनियरिंग) और Emergency Care (आपातकालीन देखभाल) पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने कहा कि इन चारों पहलुओं पर ठोस कार्ययोजना बनाकर अमल में लाया जाए, तभी सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

***चालान, लाइसेंस निलंबन और मेडिकल प्लान की समीक्षा**

बैठक में परिवहन विभाग और पुलिस द्वारा किए गए चालान, लाइसेंस निलंबन, इमरजेंसी मेडिकल एक्शन प्लान और स्कूली वाहनों के फिटनेस परीक्षण की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

***आयुक्त के सख्त निर्देश**

आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी ब्लैक स्पॉट पूरी तरह समाप्त किए जाएं।

तीव्र मोड़ों से पहले स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और साइनेज अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। आयुक्त ने कहा कि बैठक में जो भी निर्देश दिये गये है उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की जांच एसडीएम स्तर से कराई जाएगी। यदि सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

***जागरूकता पर जोर**

आयुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम केवल दंडात्मक कार्रवाई से संभव नहीं है, इसके लिए लोगों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाना होगा। विद्यालयों में सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिताएं आयोजित हों। जिला विद्यालय यातायात सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें हों। रोड सेफ्टी क्लब की स्थापना की जाए। आमजन को बताया जाए कि वाहन चलाते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखना, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

***स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय**

सुरक्षा को लेकर आयुक्त ने अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना होने पर घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बस चालकों का नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से हो। स्कूली वाहनों के चालकों और परिचालकों का समय-समय पर चरित्र सत्यापन कराया जाए।

आयुक्त ने कहा कि यदि समय रहते ठोस उपाय नहीं किए गए तो सड़क दुर्घटनाओं में और वृद्धि हो सकती है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करें और हादसों पर प्रभावी रोक लगाएं। बैठक के अंत में आयुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि हादसों में वृद्धि का सिलसिला जारी रहा तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल,चल रहा इलाज





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- शराब पीकर कार चलाने से हुआ हादसा

गोंडा। जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के नगवा गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ जहाँ नशे में धुत कार चालक संदीप सिंह ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मोटरसाइकिल पर बिरहमत पुर गांव के दिलशाद 35 करीम 40 व सैफ 50 वर्ष सवार थे और वजीरगंज से गोंडा जा रहे थे।इसी दौरान नगवा गांव के संदीप सिंह डुमरियाडीह चौराहे की तरफ जा रहे थे।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और तीनों मोटरसाइकिल सवार खाई में जा गिरे।

स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज पहुंचाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया।घायलों में दिलशाद की हालत नाजुक बनी हुई है।वजीरगंज थाना अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने कार व मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया है तथा आरोपी कार चालक संदीप सिंह की तलाश की जा रही है।उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तत्पश्चात कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# गीता गोष्ठी के रजत जयंती महोत्सव में शामिल होंगे अन्तरराष्ट्रीय विद्वान और संत मनीषी

गोण्डा। गीता गोष्ठी के नियमित आयोजन का वर्ष 2025 में 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित गीता महोत्सव के रजत जयंती समारोह को स्मरणीय बनाया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय अन्तरराष्ट्रीय स्तर के संत मनीषियों एवं आध्यात्मिक विचारक शामिल हो रहे हैं। महोत्सव में सांस्कृतिक आध्यात्मिक समृद्धि की झांकी व जनपद के लब्धप्रतिष्ठ रंगकर्मियों व संगीतकारों की प्रस्तुति सनातन प्रेमियों के प्रमुख आकर्षण होंगे।



मालवीय नगर के रामलीला मैदान स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर में गीता महोत्सव के रजत जयंती महोत्सव आयोजन समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए गीता गोष्ठी के संयोजक इंजी. सुरेश दूबे ने यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रजत जयंती महोत्सव में विख्यात विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ भी शामिल हो रहे है। जो वर्तमान परिस्थितियों में सनातन धर्म की प्रसागकिता व गीता के वैश्विक दर्शन पर विचार देंगे। स्वामी यतींद्रानंद एवं वाराणसी के राजर्षि गांगेय हंस गीता की सार्वभौमिकता व युवा चिंतक महिम तिवारी जनपद के सांस्कृतिक विरासत पर व्याख्यान देंगे। समारोह में जनपद के लब्ध प्रतिष्ठा संगीतकार व गायकों की प्रस्तुति पर उन्हें गीता गोष्ठी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति की बैठक में समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार मंथन हुआ।

बैठक में नारायण प्रसाद पाण्डेय, रामकरन पाण्डेय, अवधेश त्रिपाठी, उत्तम कुमार शुक्ल, छेदीलाल सैनी, उमानाथ त्रिपाठी, अशोक जायसवाल, अमित सिंह, राम बहादुर शुक्ल, रामसेवक सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, आर जे शुक्ल एवं रमेश दूबे ने विचार विमर्श में हिस्सा लिया।

## गौतमबुद्ध नगर में महिला की हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (भाषा) गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने जारचा थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को जानकारी दी।

प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को जारचा थाना क्षेत्र के समाना गांव के पास से एक महिला का शव बरामद किया था, जिसकी पहचान गाजियाबाद निवासी शिवानी के रूप में हुई।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान महिला के रिहान नामक व्यक्ति से प्रेम संबंध होने की बात सामने आई, जिसके बाद रविवार रात पुलिस ने मुठभेड़ में रिहान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने शिवानी की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

प्रवक्ता ने कहा, ''आरोपी ने खुलासा किया कि तलाकशुदा शिवानी और वह सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे।

# गोंडा रेलखंड पर सिग्नलिंग अपग्रेड करने का काम शुरू

गोंडा। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर गोंडा रेलखंड पर आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम को अपग्रेड करने का काम शुरू हो गया है जहाँ गोविन्द नगर,टिनिच,गौर व बभनान स्टेशनों के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग के लिए नान इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा।इसके कारण आज दिनांक 18 अगस्त से 21 अगस्त तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा।रेलवे प्रशासन ने एक तरफ जहाँ 12 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ 14 ट्रेनों का संचालन वैकल्पिक मार्गों से किया जाएगा।एक दर्जन ट्रेनों के रद्द होने तथा 14 ट्रेनों के रूट डायवर्जन से लाखों यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।रद्द की गई ट्रेनों में लखनऊ गोरखपुर एक्सप्रेस व गोमतीनगर छपरा एक्सप्रेस शामिल हैं।19अगस्त को गोरखपुर लखनऊ गोरखपुर एक्सप्रेस,लखनऊ पाटलिपुत्र लखनऊ एक्सप्रेस,गोरखपुर सीतापुर सिटी गोरखपुर एक्सप्रेस नहीं चलेगी।इसके अतिरिक्त भटनी अयोध्या भटनी मेमु, गोरखपुर बहराइच गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर नकहा नौतनवा नकहा सवारी गाड़ी भी रद्द रहेगी।गोरखपुर और गोंडा के मध्य ट्रेनें 19 अगस्त तक नहीं चलेंगी।गोंडा गोरखपुर सवारी गाड़ी 19 व 20 अगस्त को नहीं चलेगी।सीतापुर सिटी गोंडा और सीतापुर शाहजहांपुर सीतापुर एक्सप्रेस का संचालन भि प्रभावित रहेगा।गोरखपुर बढ़नी सवारी गाड़ी तथा गोंडा गोरखपुर ट्रेन 20 व 21 अगस्त को नहीं चलेगी।पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने यात्रियों से अपील किया है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाने से पहले रेलवे के अधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से जानकारी प्राप्त कर लें।रेलवे प्रशासन ने इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा किया है।यह सुधार कार्य पुरा होने के बाद रेल सेवायें अधिक सुचारू और सुरक्षित हो जाएगी।यह कदम रेल यात्रियों के लिए एक बेहतर भविष्य की दिशा में उठाया गया कदम है।रेलवे प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि कार्य को हरसंभव निर्धारित अवधि में पुर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है



- 12 ट्रेनें रद्द, 14 का रूट बदला गया

## नोएडा में सड़क हादसे में दो कंपनी प्रतिनिधियों की मौत हो गई

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (भाषा) नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो कंपनी प्रतिनिधियों (डिलीवरी बॉय) की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-91 पर नई बस्ती गांव के मोड़ पर उस वक्त हुई, जब मोटरसाइकिल पर सवार दो कंपनी प्रतिनिधियों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर निवासी अंकित और बिहार के सीतामढ़ी निवासी राकेश के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जन्माष्टमी: ग्राम पंचायत नहवा परसौरा में माता जी के मंदिर में भक्ति भरा उत्सव



गोंडा(करनैलगंज)। तहसील क्षेत्र के विकासखंड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम पंचायत नहवा परसौरा में माता जी के मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर के महंत राकेश पुजारी ने लड्डू गोपाल को पालने में झुलाकर भक्तों को दर्शन कराए, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हुआ।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के साथ ही मंदिर में 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' और 'श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेव' जैसे भजनों की मंगल धुन गूंज उठी। भक्तों ने इन भजनों में डूबकर आनंद लिया और मंदिर में पूजा, आरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और आसपास के लोग मौजूद रहे, जिन्होंने भक्ति के रंग में सराबोर होकर उत्सव का आनंद उठाया।कार्यक्रम में मंदिर के महंत राकेश पुजारी के साथ-साथ शिवम् पांडेय (प्रधान पद प्रत्याशी), दीपक पांडेय, बब्लू पांडेय, हरीश पांडेय, वशिष्ट पांडेय, गिरीश पांडेय, पुनीत पांडेय, मुन्ना शुक्ला, जितेंद्र पांडेय, जय प्रकाश पांडेय, ध्रुव पांडेय, संदीप पांडेय, प्रदीप पांडेय, आनंद पांडेय, अनुज पांडेय, रवि पांडेय, तरुण मिश्रा, प्रकाश पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, हरिंदर दुबे, गुंजन दुबे, अजय दुबे, शिव बाबू दुबे, विजय दुबे, मनोज दुबे, जमुना मिश्रा, शिव राम मिश्रा, अजित शुक्ला, बजरंग शुक्ला, अयोध्या तिवारी, प्रमोद दुबे, आनंद शुक्ला, विवेक शुक्ला, अवधेश शुक्ला, शिवानंद, सुरेंद्र दुबे (वकील साहब), तिलोकी शुक्ला, विजयभान शुक्ला, लकी शुक्ला सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।यह उत्सव सामाजिक एकता और भक्ति का प्रतीक बना, जहां सभी ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। प्रसाद वितरण के साथ ही मंदिर परिसर में भक्तों के बीच आपसी सौहार्द और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस तरह नहवा परसौरा में जन्माष्टमी का पर्व एक अविस्मरणीय और भक्तिमय अनुभव बन गया।




# छपिया थाने मे अश्लील गानो पर डांस करते पुलिस कर्मियो का वीडियो वायरल



गोण्डा। जिले के छपिया थाने मे कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एक विवादास्पद घटना सामने आई है,जहां थाने मे तैनात पुलिस कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीण भोजपुरी और फिल्मी गानो पर नाचते हुए नजर आये है। इस घटना के अनेको वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन गानो पर वीडियो में पुलिस कर्मी एवं ग्रामीण कई भोजपुरी गानों पर डांस करते दिख रहे हैं। इनमे ₹चुम्मा ले जा गाल मे संगे दिलवा ले जा रूमाल मे,₹राणा जी मुझे माफ करना गलती मारे सो हो गई,₹एक चुम्मा तुम मुझको उधार देय दे,बदले मे यूपी बिहार लै जा जैसे गाने शामिल है। जिले के 16 थानो मे कृष्ण जन्म अष्टमी का त्यौहार भक्तिभाव से मनाया गया है।वही पुलिस लाइन मे पुलिस अधीक्षक के अगुवाई मे धार्मिक अनुष्ठान कर हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ है। लेकिन छपिया थाने मे इस तरह के गानो का बजना एवं डांस करना नियम विरुद्ध माना जा रहा है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर लोग सवाल खडे. कर रहे हैं कि ऐसे कैसे पुलिसिंग होगी। इस सम्बंध मे सीओ मनकापुर से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन सीओ उदित नारायण पालीवाल का मोबाइल पूरी बेल बजने के बाद नही उठा तो अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत से बात करने पर उनके द्वारा यह बताया गया हमे वायरल वीडियो के बारे में पता नही है,अगर संज्ञान मे आता है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# भानु द्वारा की गई टिप्पणी पर भीम आर्मी का विरोध, सौंपा ज्ञापन

- किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मुदकमा दर्ज कर कार्यवाही करने की भीम आर्मी जय भीम संगठन ने की मांग



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । सोमवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारियों ने किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा जाटव समाज पर जातिगत टिप्पणी को लेकर आक्रोश जताते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंप कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने तथा आवश्यक कार्यवाही की मांग की ।

अवगत करा दे के बीते कुछ दिनों पूर्व भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा जनपद एटा में किसी मामले के दौरान एक उपनिरीक्षक को गालियां देते हुए जातिगत शब्दों से अपमानित करने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होते नजर आया । वायरल वीडियो के बाद दलित समुदाय द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार आक्रोश जाहिर जताया गया वहीं कई संगठनों के लोगों ने वीडियो के आधार पर कार्यवाही कराने के लिए पूर्व में भी ज्ञापन दिए हैं ।

इसी दौरान सोमवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के लोग जिलाध्यक्ष दलवीर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों को संख्या में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए तथा उन्होंने जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा । जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के कई वीडियो अधिकारियों को उनके कार्यालय पर जाकर धमकाने और अभद्रता करने के वायरल हुए हैं वहीं कई जातियों पर पूर्व में भी इसके द्वारा टिप्पणी की गई है और अभी एक दलित (जाटव ) समुदाय के उप निरीक्षक को जातिगत गालियां देने का मामला बेहद शर्मनाक है । प्रशासन द्वारा इस तरह की खुली छूट नहीं देनी चाहिए इस तरह की हरकतें करने वाले आरोपी को जेल में भेजना चाहिए। फिलहाल हमने आरोपी भानु के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराने तथा कार्यवाही कराने की मांग की है ।ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष दलवीर सिंह के साथ टिंकू चौधरी मंडल

उपाध्यक्ष ,रंजीत मंडल मीडिया प्रभारी, चंद्रशेखर जिला महासचिव, मदन मोहन ,कृष्ण वीर, प्रताप सिंह, आशीष कुमार ,सूरज कुमार ,भीम प्रताप सिंह, नरेश कुमार आदि के साथ अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## पुलिस ने कराया 346 लीटर शराब का विनीष्टीकरण



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज। थाना पुलिस ने 48 अभियोग में रखी 346 लीटर शराब का विनीष्टीकरण कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद के आदेश के अनुक्रम में तहसीदार सिरसागंज, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज व थानाध्यक्ष सिरसागंज की मौजूदगी में थाना सिरसागंज पुलिस ने 48 मुकदमों से रखी 346 लीटर अवैध देशी शराब कीमत करीब 125000 रुपए व 01 विस्फोटक अधिनियम से सम्बन्धित माल एक कार्टून पटाखा कुल 49 अभियोगो के मालों का विनिष्टीकरण कराया गया है।

# मैथिल ब्राह्मण समाज द्वारा निकली पद यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना - मैथिल ब्राह्मण समाज द्वारा नगर पंचायत जसराना से पदयात्रा निकाली गई यह पदयात्रा एटा चौराहा होती हुई तहसील सभागार पहुंची तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी महोदय को समाज सुधारक पांच सूत्रीय मानों को लेकर मैथिल ब्राह्मण समाज में ज्ञापन दिया मैथिल ब्राह्मण समाज की पांच मांगे हैं मैथिल ब्राह्मण समाज चाहता है 10 परसेंट हिस्सेदारी राजनीतिक क्षेत्र में और गैर राजनीतिक क्षेत्र में अभी सरकार द्वारा जाति जनगणना कराई जानी है किसको लेकर के मैथिल ब्राह्मण समाज चाहता है जाति जनगणना में मैथिली ब्राह्मण समाज का कॉलम आना चाहिए हमारे पूर्वज लकड़ी का कार्य किया करते थे जिससे हमें बडई बुलाया जाता था लेकिन हम बढ़ई जाति में नहीं है हम मैथिली ब्राह्मण जाति में आते हैं मिथिला से निकले हुए हम लोग हैं जाति आयोग में मैथली ब्राह्मण नाम से हमें दर्ज किया जाए वैसे तो हमारा समाज ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी को वोट करता है लेकिन फिर भी भारतीय जनता पार्टी हमारे समाज को कोई हिस्सेदारी नहीं दे रही है हमारा समाज पदयात्रा के माध्यम से यह मांग करता है के आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में हमारे समाज को हिस्सेदारी दी जाए आज हमारे समाज की दनीय स्थिति इसीलिए है क्योंकि हमारी राजनीतिक रिश्तेदारी नहीं है हमारा समाज बोट के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी चाहता है अगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमारे समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं दी जाती है तो हमारा समाज भारतीय जनता पार्टी को 2027 विधानसभा चुनाव में वोट नहीं देगा जो पार्टी हमारे समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी देगी हमारा समाज उसी पार्टी को वोट देने का काम करेगा ।

## पुलिस ने किराए के मकान से 9 जुआरियों को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद । जनपद के थाना क्षेत्र रसूलपुर पुलिस ने एकता नगर में एक किराए के गोदाम में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारा। मौके से 9 जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । पुलिस को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंकित नाम के व्यक्ति ने अपने किराए के गोदाम को जुए के अड्डे में बदल दिया है। पुलिस ने छापेमारी की। अभियुक्तों से 3,47,153 रुपये बरामद हुए। इनमें 2,88,500 रुपये मालफड़ और 58,653 रुपये जामातलाशी के थे। इसके अलावा 52 ताश के पत्ते, 8 मोबाइल फोन और एक तौलिया भी जब्त किया गया। पकड़े गए जुआरियों में आगरा और फिरोजाबाद के लोग शामिल हैं। इनमें राजेंद्र, अमर, सुनील, प्रशांत उर्फ कन्हैया, अंकुर, अंकित, अतुल, प्रशांत कुमार और मोहित शामिल हैं। इनमें से तीन आरोपी आगरा के फतेहाबाद के रहने वाले हैं। एक आरोपी आगरा के ताजगंज का है।

# स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति प्रथम उप समिति की बैठक संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश विधानमंडल की प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति प्रथम उप समिति की बैठक विधायक सदर मनीष असीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई, इस बैठक में बोलते हुए सभापति सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि हम सब आपस में समन्वय बनाकर विकास संबंधी कार्य को करें, जिससे जनता इन कार्यों से लाभान्वित हो, कमियों को सुधारने का प्रयास हमें निरंतर करना चाहिए, तभी सकारात्मक परिणाम निकल कर सामने आएंगे, समिति ने सर्वप्रथम नगर निगम द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा की जिसके बाद सभी नगर पालिकाओं के कार्यों की भी समीक्षा की और योजनाओं के समय पर पूरा न होने पर नाराजगी जताई और सदस्यों ने सभी लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए जिससे इसका लाभ आम जन को मिल सके । इस समिति के सदस्यों में सदर विधायक मनीष असीजा के अलावा सरिता भदौरिया, डॉ डी0सी0 वर्मा, वेद प्रकाश गुप्ता, गुरु प्रसाद मौर्य, ओपी श्रीवास्तव, स्वामी ओम देश, गौरव कुमार, कीरत सिंह, चंद्र शर्मा, संग्राम सिंह, अजीत पाल त्यागी के अलावा जिलाधिकारी रमेश रंजन, नगर आयुक्त ऋषि राज, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।फिरोजाबाद। सोमवार को जनपद में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की घटना सामने आई । मृतिका के भाई मुकेश ने पति समेत ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया गया कि मृतका गुड्डी देवी की शादी संतोष कुमार से हुई थी। मायका पक्ष के मुताबिक संतोष कुमार का एक अन्य महिला से अवैध संबंध था। इस कारण पिछले 5 वर्षों से गुड्डी को ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था। सास मौहरश्री, नन्द भूरिया, जेठ रामवीर और देवर पप्पू भी पति के इस कृत्य का समर्थन करते थे। विरोध करने पर गुड्डी को कमरे में बंद कर मारा-पीटा जाता था। दो माह पहले उसे घर से निकाल दिया गया था। गांव के प्रधान और वरिष्ठ नागरिकों की मध्यस्थता से 15 दिन पहले वह ससुराल लौटी थी। उन्होंने बताया सोमवार 18 अगस्त को गुड्डी की बेटी ने अपने मामा मुकेश को फोन कर बताया कि पिता रात से मां को कमरे में बंद कर मार रहे हैं। सूचना पाकर जब मुकेश ससुराल पहुंचा, तो गुड्डी का शव फंदे पर लटका मिला। पड़ोसी राजबेटी ने बताया कि संतोष कुमार ने पत्नी की हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच में जुट है । थाना प्रभारी ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

### नि:शुल्क जांच चिकित्सा शिविर कल लगेगा

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । शिकोहाबाद । स्व. सीता देवी गर्ग ( वासुदेवमई वालों ) की पुण्य स्मृती के अवसर पर 20 अगस्त बुधवार को सुबह 9 बजे से निशुल्क जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन एचकेएच गेस्ट हाउस, निकट एटा चौराहा शिकोहाबाद में किया जा रहा है, जिसमें आंखों, दांतों, हड्डी और शरीर के चेकअप के अलावा दवा का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। वहीं जरूरतमंदो के ऑपरेशन भी फ्री किए जायेंगे । लोगों से उक्त कैंप में आकर लाभ उठाने को कहा गया है।

### किशोरी को बहलाकर ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक युवक एक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। रविवार को थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को उसके मोहल्ले का एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। जब किशोरी के परिजनों ने किशोरी को घर में नही देखा तो उन्हें उसकी चिंता हुई। उन्होंने किशोरी को सभी जगह तलाश किया लेकिन उसका सुराग नही लगा। पीड़ित ने समीर निवासी कटरा मीरा पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बिठौली में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई । आदेश कुमार पुत्र सोनेलाल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बिठौली थाना सिरसागंज रविवार शाम को अपने खेतों पर गया था , तभी किसी कारणवश वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना से परिजनों रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने सोमवार शाम को अंतिम संस्कार कर दिया है।

### गायब अधेड़ के नहर किनारे मिले कपड़े, तलाश जारी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । फिरोजाबाद । मैनपुरी के. ओछा क्षेत्र निवासी विजय सिंह उम्र करीब 55 वर्ष जनपद के शिकोहाबाद के नगर प्रभु में अपने छोटे भाई सुरेंद्र के यहां घूमने आए थे रात करीब 8:00 बजे वे खाना खाने के बाद लघुशंका के लिए बाहर गए लोट कर नहीं आए बताया जाता है कि परिवार में झगड़ा होने के बाद वह नाराज होकर शिकोहाबाद अपने भाई के यहां पर आ गए थे खाना खाने के बाद रात को टहलने की कहकर निकल गए थे और उसके बाद घर वापस लोटकर नहीं आए देर रात्रि तक उनकी खोजबीन की गई थी । लेकिन पता नहीं चला भाई और ग्रामीणों ने रात भर विजय की तलाश की सुबह गांव के दूरबीन सिंह को नहर किनारे विजय के कपड़े मिले इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने आगरा से पिएसी के गोताखोरे को बुलाया है।

इंस्पेक्टर अनुज कुमार के मुताबिक नहर के आसपास के दो किलोमीटर क्षेत्र में तलाश की गई है कपड़ों के आधार पर आशंका है की विजय ने नहर में छ्लांग लगाई है फिलहाल तलाश अभी भी जारी है ।

# 20 को निकाली जायेगी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । योगीराज भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आयोजन समिति शिकोहाबाद के तत्वावधान में 20 अगस्त बुधवार दोपहर 2 बजे से नगर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली जाएगी। वार्ता के दौरान आयोजन समिति की अध्यक्षा डॉ. रजनी यादव ने बताया कि 20 अगस्त को दोपहर 02 बजे से शोभायात्रा आवास विकास कालोनी स्थित बिहारीजी के मंदिर से शुरू होकर मैनपुरी तिराहा, एटा तिराहा, कटरा बाजार, पक्का तालाब होती हुई मेलावाला बाग स्थित टुईन्या मंदिर पर जाकर समाप्त होगी । इसके अलावा श्रीकृष्ण राधा स्वरुप का डोला तथा अन्य आकर्षक झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित की जा रही है । दौरान संरक्षक मंडल के सदस्य डा रामकैलाश यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी समिति द्वारा आकर्षक ढंग से शोभा यात्रा निकाली जा रही है। मुख्य अतिथि स्वदेशजी महाराज रहेंगे। संरक्षक मंडल के सदस्य पूर्व एमएलसी डा दिलीप यादव ने बताया कि सुबह 10 बजे से अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमे साढ़े 11 बजे से सांस्कृतिक कीर्तन तथा पुष्प होली तथा इसके बाद डेढ बजे से सम्मान समारोह होगा। इस मौके पर समिति की उपाध्यक्ष डॉ. नंदिनी यादव, संरक्षक मंडल के सदस्य डा. सुनील यादव ( सचिव, महादेवी कॉलेज भारौल ), संस्थापक आकाश यादव उर्फ राजा पिलख्तर, आचार्य शरद कृष्ण , आशीष यादव, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कृष्णज, अनुव्रत यादव थे ।

## एका में द डायनेमिक क्लासेस का हुआ शुभारंभ



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

जसराना । एका ब्लॉक में द डायनेमिक क्लासेस का उद्घाटन श्रीदेवी सोराम सिंह एजुकेशन इंस्टीट्यूट की अध्यक्ष डॉ. श्रुति यादव और प्रतिभा आईटीआई कॉलेज के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार के द्वारा किया गया। इस कोचिंग क्लासेस का उद्देश्य 12ँ तक की छात्रों को शिक्षा प्रदान करना है छात्र जिस सब्जेक्ट में कमजोर होंगे वह यहां आकर अपनी कोचिंग कर सकते हैं यह कोचिंग क्लास रिकॉर्ड करके यूट्यूब पर भी उपलब्ध कराई जाएगी जिससे छात्र अपनी क्लास को दोबारा अटेंड करके अपने सब्जेक्ट का रिवीजन कर सके। इस कोचिंग का उद्देश्य कमजोर छात्रों को शिक्षा प्रदान कर उन्हें बुद्धिमान बनाना है जिससे आगे कंपटीशन की परीक्षाओं में किसी को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## अग्नि शमन विभाग के अग्नि सचेतक का प्रशिक्षण प्रारंभ



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । अग्नि शमन विभाग ने मुख्यमंत्री की प्रमुख योजना अग्नि सचेतक का प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया है। सोमवार से प्रारंभ इस योजना में सात दिवसीय प्रशिक्षण में सभी ब्लाकों से 800 बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। फायर ऑफिसर सतेन्द्र कुमार पांडे ने बताया कि सभी अग्नि सचेतक को भविष्य में अस्पताल, कोल्ड स्टोरेज, विद्यालयों, मार्केट मॉल सहित गैर सरकारी संस्थानों में अग्नि सुरक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षकों को सात दिन के प्रशिक्षण में अग्नि से सुरक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर ट्रेनिंग दी जा रही है। इन अग्नि सचेतकों को अग्नि सुरक्षा-जीवन रक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही इन्हें प्रमाणपत्र देकर क्षेत्रीय फायर स्टेशन में सूचीबद्ध किया जाएगा। सिविल डिफेंस के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# दो पक्षों में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। सोमवार को जनपद के थाना उत्तर क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई वहीं इस मारपीट में दो लोग घायल हो गए वहीं घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता नजर आया । वीडियो की जानकारी पुलिस को होते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई । वायरल वीडियो में एक युवक वृद्ध को लात मारते हुए दिख रहा है। मारपीट में सुनील और नीटू नाम के दो लोग चोटिल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह विवाद गाली-गलौज को लेकर शुरू हुआ था। पहले दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज हुई। उसी के बाद एक युवक ने गली में खड़े एक वृद्ध पर उछलकर लात मारी, जिससे वह जमीन पर गिर गए और घायल हो गए। इस मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने सुनील और छोटेलाल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना उत्तर प्रभारी निरीक्षक संजुल पांडे का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महापौर ने हिमांशी ब्राइडल मेकअप स्टूडियो एंड एकेडमी का किया उद्घाटन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । सोमवार को जनपद के रेहना पुलिया के पास हिमांशी ब्राइडल मेकअप स्टूडियो एंड एकेडमी (भारत सरकार प्रमाणित ब्यूटी पार्लर ट्रैनिंग सेंटर) उद्घाटन किया गया । जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर कामिनी राठौर ने फीता काटकर किया । बताया गया कि हिमांशी ब्राइडल मेकअप स्टूडियो एंड एकेडमी में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निशुल्क ब्यूटीशियन का कोर्स सिखाया जाएगा । वहीं स्टूडियो की संचालिका व प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट श्रीमती हेमलता ने बताया कि यहां एक बैच में करीब 25 लड़कियां व महिलाएं ब्यूटीशियन का कोर्स सीखेंगी । वहीं इस दौरान महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि ये संस्थान क्षेत्र की युवतियों एवं महिलाओं के लिए रोजगार व आत्मनिर्भर का माध्यम बनेगा। महिलाएं व युवतियां यहां से सीख कर अपने अलग रोजगार कर सकेंगी । इस दौरान पार्षद अभिनेंद्र यादव, राजेश यादव,पंकज यादव ,धनंजय सिंह अन्य महिलाएं व युवतियां मौजूद रहीं ।

## समाधान दिवस में आईं 32 शिकायतों में से चार का हुआ मौके पर निस्तारण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । तहसील टूंडला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने फरियादियों की समस्याओं को सुना, कुछ समस्याओं का समाधान त्वरित किया, जबकि कुछ समस्याओं का समाधान का निस्तारण करने का आश्वासन दिया, इन समस्याओं में अधिकतर मामले कानून व्यवस्था, राजस्व, बिजली, पात्रता की श्रेणी में आने के बाद भी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को न मिल पाना, फरियादियों को क्षेत्र में साफ-सफाई न होना या जल जमाव की स्थिति होना इत्यादि, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी । समाधान दिवस के दौरान 32 शिकायतें आई और 4 का निस्तारण किया गया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, डीएफओ, उप जिलाधिकारी टूण्डला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

# एशियाई निशानेबाजी: भारत पुरुष एयर पिस्टल टीम को रजत पदक




**शिमकेंट** (कजाखस्तान), (भाषा) भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप (राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन) की पदक तालिका में बेहतर प्रदर्शन करने के अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को यहां पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ की जबकि फरीदाबाद के अनमोल जैन स्पर्धा में व्यक्तिगत पदक जीतने से चूक गए और छठे स्थान पर रहे।

अनमोल (580), आदित्य मालरा (579) और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी(576) की भारतीय टीम 1,735 अंक के साथ चीन के पीछे दूसरे स्थान पर रही। चीन की टीम ने 1,744 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ईरान ने 1,733 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

व्यक्तिगत पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में अनमोल ने क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वह हालांकि पदक दौर में 155.1 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे।

चीन के हु काइ ने 241.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया के होंग सुहियोन और ईरान के आमिर जोहारिखोउ ने क्रमशः 239.0 और 216.8 अंक के साथ रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारत के आदित्य और चौधरी क्वालीफिकेशन में क्रमशः 13वें और 21वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

भारत के 20 साल के अमित शर्मा क्वालीफिकेशन में 48 शीर्ष निशानेबाजों के बीच 588 अंक जुटाकर शीर्ष पर रहे लेकिन 'केवल रैंकिंग अंक' वर्ग में खेलने के कारण फाइनल में जगह नहीं बना पाए।

केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) वर्ग में खेलने वाले निशानेबाज रैंकिंग के लिए खेलते हैं और उन्हें पदक दौर में जगह नहीं मिलती।

एक अन्य आरपीओ निशानेबाज वरुण तोमर क्वालीफिकेशन में 584 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे।

कपिल ने 243.0 अंक के साथ जूनियर पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने क्वालीफिकेशन में 579 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक दौर में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के गेविन एंटनी ने 220.7 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

गेविन (582), कपिल और विजय तोमर (562) की भारतीय टीम ने 1,723 अंक के साथ रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 1,734 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत ने सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में कुल 182 निशानेबाजों को उतारा है जो इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है। विभिन्न वर्ग में 58 स्पर्धाओं - 46 व्यक्तिगत और 12 मिश्रित टीम - में पदक दांव पर हैं।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के चांगवोन में हुए पिछले सत्र में भारत की सीनियर टीम ने छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक जीते थे। चीन 14 स्वर्ण (कुल 33 पदक) के साथ शीर्ष पर जबकि मेजबान दक्षिण कोरिया नौ स्वर्ण (कुल 24 पदक) के साथ दूसरे स्थान पर रहा था।

भारत ने चांगवोन में कुल मिलाकर 59 पदक (21 स्वर्ण, 22 रजत और 16 कांस्य) जीते थे।

## खेलो इंडिया वॉटर स्पोटर्स फेस्टिवल में 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे

श्रीनगर, (भाषा) पहले खेलो इंडिया वॉटर स्पोटर्स फेस्टिवल (केआईडब्ल्यूएसएफ) का आयोजन यहां 21 से 23 अगस्त तक डल झील पर किया जायेगा जिसमें 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे ।

इसमें नौकायन, कयाकिंग और केनोइंग की स्पर्धायें होंगी । गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीत खेलों के पांच बार सफल आयोजन के बाद खेल मंत्रालय की घाटी में खेल गतिविधियों को बढावा देने की पहल में यह अगला कदम है ।

इन खेलों का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू कश्मीर खेल परिषद मिलकर कर रहे हैं ।

केनोइंग और कयाकिंग के धुरंधर और ओलंपिक जज रह चुके बिल्किस मीर ने कहा ,'' यह हमारे देश में वॉटर स्पोटर्स के एक नये युग की शुरूआत है । सभी खिलाड़ियों की ओर से मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ पूरी खेलो इंडिया टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने वॉटर स्पोटर्स को वह पहचान दी जिसका वह हकदार है ।'''

# आकाश दीप, कप्तान किशन दलीप ट्रॉफी से बाहर, ईश्वरन करेंगे पूर्व क्षेत्र की अगुवाई



कोलकाता, (भाषा) भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट से उबरने के कारण उत्तर क्षेत्र के खिलाफ होने वाले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पायेंगे। किशन टीम के कप्तान भी थे।

भारतीय घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के मैदानों में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के हालिया दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने वाले आकाश दीप कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। 28 वर्षीय इस गेंदबाज की जगह बिहार के मुख्तार हुसैन को पूर्व क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट सहित श्रृंखला में 13 विकेट लेने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश ने क्षेत्रीय चयन समिति को बताया है कि चिकित्सीय सलाह के अनुसार वह इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इस बीच किशन भी हाथ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाये हैं।

किशन के एक करीबी सूत्र ने कहा, '' किशन के ई-बाइक से गिरने के बाद उनके हाथ में कुछ टांके लगे हैं और वह फिलहाल बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरना) में हैं।''

सूत्र के अनुसार, ''यह गंभीर नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले दो चार दिवसीय मैचों के लिए वह भारत 'ए' टीम में चयन लिए फिट हो जाएंगे।'' उनकी अनुपस्थिति में बंगाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को पूर्वी क्षेत्र का कप्तान बनाया गया है जबकि असम के ऑलराउंडर रियान पराग उनके उप-कप्तान होंगे। ईश्वरन इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के भारत दौरे का हिस्सा थे लेकिन उन्हें पदार्पण का मौका नहीं मिला। किशन की जगह ओडिशा के आशीर्वाद स्वाइन को टीम में शामिल किया गया है। झारखंड के कुमार कुशाग्र के पहले पसंद के विकेटकीपर होने की संभावना है।

दलीप ट्रॉफी से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर वापसी करेंगे। शमी ने पिछले दो साल में प्रथम श्रेणी का सिर्फ एक मैच खेला है। शमी के साथ मुकेश कुमार भी टीम का हिस्सा है।

**पूर्व क्षेत्र टीमः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रियान पराग (उप-कप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), आशीर्वाद स्वाइन (विकेटकीपर), उत्कर्ष सिंह, मनीशी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।

# राष्ट्रीय स्तर की त्रिकूद खिलाड़ी शीना वर्की डोपिंग के कारण निलंबित



**नयी दिल्ली,** (भाषा) राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला त्रिकूद खिलाड़ी शीना वर्की को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित पदार्थ के परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित किया है।

इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भी भाग लिया था।

एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''शीना वर्की को निलंबित किया गया है।''

सूत्र ने हालांकि यह नहीं बताया कि उसे किस प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाया गया।

केरल की रहने वाली शीना ने इस साल उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक और उसके बाद फेडरेशन कप में कांस्य पदक जीता था। 2018 में उन्होंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

नवीनतम असफल परीक्षण से भारतीय एथलीटों का चिंताजनक रूप से नियमित रूप से डोप उल्लंघन में फंसना जारी है।

इससे पहले 11 अगस्त को राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चक्का फेंक खिलाड़ी गगनदीप सिंह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे जिन्हें नाडा ने तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया। इन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।

सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए गगनदीप ने 12 फरवरी को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की चक्का फेंक स्पर्धा में 55.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। बाद में उनका 'टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स' के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया और उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा जारी 2023 के परीक्षण आंकड़ों के अनुसार प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत थे। इसमें 5606 नमूनों में से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) थे। इनमें से 2748 परीक्षण प्रतियोगिता के दौरान किए गए थे।

प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने की भारत की दर चीन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और रूस से काफी अधिक है। इन सभी देशों की यह दर एक प्रतिशत या उससे कम है।

वाडा के अनुसार भारत में सबसे अधिक प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के बीच हैं जिनके 1223 नतीजों में से 61 प्रतिकूल पाए गए।

# चेतन शर्मा ने बुमराह का समर्थन करते हुए कहा खिलाड़ियों को फिजियो की सलाह माननी चाहिए



नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भले ही काम के बोझ के प्रबंधन के कारण इंग्लैंड में सिर्फ तीन टेस्ट खेलने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा हो लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड की सीनियर चयन समिति के पूर्व प्रमुख चेतन शर्मा ने इस गेंदबाज का समर्थन करते हुए कहा है कि खिलाड़ियों को फिजियो की सलाह माननी चाहिए क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझ सकते हैं।

लगातार चोटों से जूझने वाले बुमराह पांच मैच की एंडरसन-तेंदुलरकर ट्रॉफी के दौरान पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले थे। वह दो मैच में नहीं खेले और इस दौरान मोहम्मद सिराज ने भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की। स्वयं तेज गेंदबाज रहे चेतन शर्मा ने कहा कि यह मरीज के डॉक्टर की सलाह मानने की तरह है। चेतन शर्मा ने सोमवार को देश के सार्वजनिक सेवा प्रसारक प्रसार भारती द्वारा लंदन स्थित क्रिकेट विश्लेषक कंपनी क्रिकविज के साथ दूरदर्शन पर 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' के 104 एपिसोड के प्रसारण के लिए किए गए समझौते के इतर कहा, ''अगर मेडिकल टीम सलाह देती है, अगर डॉक्टर मुझे कहता है कि मुझे एंटीबायोटिक खाने होंगे तो मुझे ऐसा करना होगा। उन्होंने कहा, ''यदि हमारे फिजियो किसी खिलाड़ी को काम के बोझ के प्रबंधन के लिए कह रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमें उनकी बात सुननी चाहिए क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझते हैं।'' लगभग आधे दशक तक कपिल देव के साथ एक मजबूत तेज गेंदबाजी साझेदारी बनाने वाले चेतन शर्मा ने टेस्ट और वनडे में 125 से अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला में टीम के प्रदर्शन ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि टीम अगले महीने यूएई में शुरू होने वाला एशिया कप जीतेगी

चेतन शर्मा ने कहा, ''मुझे पता है कि जो भी चुना जाएगा वह देश के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा और मुझे भारत के इंग्लैंड में प्रदर्शन पर बेहद गर्व है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम एशिया कप (जो टी20 प्रारूप में खेला जाएगा) जरूर जीतेंगे क्योंकि उसके बाद हम भारत में टी20 विश्व कप (2026 में) खेलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''जब आप अपनी सरजमीं पर (विश्व कप) खेल रहे हों तो यह बहुत बड़ी बात होती है। अगर इरादा सही हो तो नतीजे भी अच्छे ही होंगे।'' इस कार्यक्रम में 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मदन लाल, पूर्व भारतीय खिलाड़ी मुरली कार्तिक, आकाश चोपड़ा और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल भी मौजूद थे। यह पूछे जाने पर कि हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला में चार शतक जड़ने वाले टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को क्या सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली एशिया कप टीम में शामिल किया जाना चाहिए तो चेतन शर्मा ने कहा कि भारत को इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ 15 सदस्यीय टीम का चयन करना चाहिए।

# दिल्ली की हितेशी ने राष्ट्रीय स्तर पर रॉ पावरलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

दिल्ली की होनहार एथलीट हितेशी ने रॉ पावरलिफ्टिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सब-जूनियर वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर अपने राज्य और परिवार का नाम रोशन किया।

उन्होंने कुल 180 किलोग्राम का भार उठाकर यह उपलब्धि हासिल की। इतना ही नहीं, बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें 'स्ट्रॉन्ग वूमन' का खिताब भी प्रदान किया गया। ह

तिशी की इस जीत ने यह साबित कर दिया कि लगन और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।





“ यदि किसी मरीज के इलाज में आयुष्मान योजना की निर्धारित राशि अपर्याप्त होती है तो उसकी मदद मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधियों से की जाएगी।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति जी से स्नेहिल भेंट किया।




# सीईसी भाजपा प्रवक्ता की तरह कर रहे व्यवहार, उनपर महाभियोग चलाने की संभावना से इनकार नहीं : विपक्ष

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने सोमवार को निर्वाचन आयोग पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रणाली सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन करने में विफल रहने का आरोप लगाया और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुमार ''भाजपा प्रवक्ता'' की तरह काम कर रहे हैं।

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक),राष्ट्रीय जनता दल (राजद), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), आम आदमी पार्टी (आप) और शिवसेना(उबाठा) के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची में अनियमितताओं से संबंधित मुद्दों पर उनके सवालों का जवाब देने में 'विफल' रहे। विपक्षी दलों के मुताबिक सीईसी ने रविवार को अपने संवाददाता सम्मेलन में उन पर हमला करने का फैसला किया।

कांग्रेस सहित 20 विपक्षी दलों की ओर से जारी संयुक्त बयान में आरोप लगाया गया कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन करने में निर्वाचन आयोग 'पूरी तरह विफल' रहा है। इन दलों ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि निर्वाचन आयोग का नेतृत्व ऐसे अधिकारी नहीं कर रहे हैं जो समान अवसर सुनिश्चित कर सकें।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, ''मतदान का अधिकार संविधान द्वारा आम नागरिक को दिया गया सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। लोकतंत्र इसी पर निर्भर करता है। निर्वाचन आयोग इसकी रक्षा के लिए बना निकाय है... लेकिन हम देख सकते हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने राजनीतिक दलों द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण सवालों का जवाब नहीं दिया और अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं।''

तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने कहा कि यदि मतदाता सूची, जिसके आधार पर पिछला आम चुनाव हुआ था, सही नहीं है तो लोकसभा को भंग कर देना चाहिए।

माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा कि विपक्षी दलों का दृढ़ विश्वास है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने ''संवैधानिक पद पर बने रहने का अधिकार खो दिया है और एक संवाददाता सम्मेलन करके विपक्षी दलों के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है।''

संवाददाताओं ने जब पूछा कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाने पर विपक्षी दल गंभीरता से विचार कर रहे हैं तो गोगोई ने कहा, ''इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है और काफी हद तक सहमति बन चुकी है। हम सही समय पर सही फैसला लेंगे।''

राजद नेता मनोज झा ने कहा, ''हमारे सामने सभी संसदीय और कानूनी विकल्प खुले हैं और उनका इस्तेमाल किया जाएगा।''

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया जैसी ही है। कानून के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल संसद द्वारा ही हटाया जा सकता है। संविधान के अनुसार, राज्यसभा के 50 सदस्यों या लोकसभा के 100 सदस्यों द्वारा समर्थित प्रस्ताव संसद में प्रस्तुत किया जाना चाहिए और सदन द्वारा उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित किया जाना चाहिए।

विपक्षी दलों ने दावा किया कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि निर्वाचन आयोग का नेतृत्व करने वाले लोग ''मतदाता धोखाधड़ी की सार्थक जांच के किसी भी



प्रयास को भटकाते और विफल करते हैं और इसके बजाय सत्तारूढ़ दल को चुनौती देने वालों को डराने का विकल्प चुनते हैं। यह एक गंभीर अभियोग है''।

विपक्षी दलों के मुताबिक ''सीईसी ने इस पर कोई टिप्पणी या स्पष्टीकरण नहीं दिया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इतनी जल्दबाजी, बिना तैयारी और तदर्थ तरीके से क्यों कराया जा रहा है।'' विपक्षी दलों के संयुक्त बयान में दावा किया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने राहुल गांधी की ओर से मतदान में धांधली के लगाए गए आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

बयान में कहा गया, ''मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस संबंध में किसी भी कड़े प्रश्न का उत्तर देने से इनकार कर दिया कि मतदाता धोखाधड़ी के आरोपों पर कोई जांच या अन्वेषण क्यों नहीं किया गया।''

कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन ने आरोप लगाया कि सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए स्वायत्त संवैधानिक निकायों को 'दबा' रही है। उन्होंने मांग की कि संसद के दोनों सदनों में एसआईआर और निर्वाचन आयोग पर चर्चा की अनुमति दी जाए, जिस पर सरकार अब तक 'अड़ंगा' लगा रही है।

गोगोई ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदान के अधिकार का रक्षक है और एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है, लेकिन वह राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए कई अहम सवालों का संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ है। उन्होंने दावा किया, ''इसके बजाय, ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है और जवाबदेही से भागने की कोशिश कर रहा है।''

सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बार-बार कहा है कि विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को हलफनामे के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा,'' उत्तर प्रदेश चुनाव-20220 में जब अखिलेश यादव ने कहा कि सपा समर्थकों के वोट बड़ी संख्या में काट दिए गए हैं, तो निर्वाचन आयोग ने उन्हें नोटिस जारी कर इस पर स्पष्टीकरण देने को कहा।''

यादव ने दावा किया, ''इसके जवाब में निर्वाचन आयोग को 18,000 हलफनामे सौंपे गए, सभी की पावती भी प्राप्त की गई। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज तक उनमें से किसी भी हलफनामे पर एक भी कार्रवाई नहीं की गई है।''

द्रमुक नेता तिरुचि शिवा ने सवाल किया कि सत्तारूढ़ पार्टी एसआईआर आयोजित करने में 'जल्दबाजी' के कारण संसदीय चर्चा को 'बाधित' क्यों कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम सभी भारतीयों के मताधिकार, एसआईआर से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सभी कानूनी उपायों का सहारा लेंगे।''

तृणमूल सांसद मोइत्रा ने पूछा कि यह कैसे संभव है कि ''मृत लोगों के नाम मसौदा मतदाता सूची में थे और जीवित लोगों के नाम हटाई गई सूची में।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''ऐसा सिर्फ इसलिए हो सकता है क्योंकि बीएलओ खुद फॉर्म पर हस्ताक्षर कर रहे थे...।''

मोइत्रा ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''विपक्ष पर हमला करना मुख्य चुनाव आयुक्तों का काम नहीं है। महोदय, आपका काम विपक्ष द्वारा उठाए गए वैध प्रश्नों पर विस्तार से विश्लेषण करना है।''

ब्रिटास ने कहा कि ''एक अपूर्ण मतदाता सूची लोकतांत्रिक संवाद की निष्पक्षता और अखंडता से समझौता करती है''।

माकपा नेता ने कहा, ''शुरू से ही सरकार का गुप्त उद्देश्य निर्वाचन आयोग को सरकार की 'बी टीम' बनाना था। इसीलिए वे उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को दरकिनार करने के लिए एक कानून लेकर आए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ''पक्षपाती, चयनात्मक और अनुचित'' है।

ब्रिटास ने आरोप लगाया, ''हमें लगता है कि केरल से कश्मीर तक मतदाता सूची में मिलावट करने की एक साजिश, एक शैतानी खेल चल रहा है। केरल में भाजपा ने जो एकमात्र सीट जीती है, वह अनुचित तरीकों से जीती है।'' उन्होंने कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि ''हमारे पास विरोध प्रदर्शन सुनिश्चित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।''

आप के संजय सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बात सुनने के बाद, ''मुझे लगा कि उनका असली नाम 'अज्ञानेश' कुमार होना चाहिए। उन्होंने बोलकर केवल अज्ञानता जाहिर की... ऐसी मूर्खतापूर्ण टिप्पणी सुनकर हम स्तब्ध रह गए। उन्होंने पूछे गए एक भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया।''

उन्होंने कहा, ''आप कहते हैं कि यह 'विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)' है। फिर भी, इस पुनरीक्षण में एक भी वोट नहीं जोड़ा गया। यह किस तरह का एसआईआर है? आपने कहा कि 22 लाख लोगों की मौत हुई है और उनके नाम हटा दिए गए। एक महीने के भीतर, आपने बिहार के लोगों से हर तरह के दस्तावेज मांगे, वो भी ऐसे समय में जब बड़ा इलाका बाढ़ की चपेट में है।''

सिंह ने मांग की कि निर्वाचन आयोग विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच का आदेश दे। उन्होंने कहा, ''जब तक आप ऐसा नहीं करेंगे, आपकी निष्पक्षता सवालों के घेरे में रहेगी।''

मनोज झा ने कहा, ''आपने पूरे विपक्ष को निर्वाचन आयोग के खिलाफ संवाददाता सम्मेलन करते कभी नहीं देखा होगा। कल की प्रेस वार्ता के दौरान, निर्वाचन आयोग ने हमारी चिंताओं को स्पष्ट नहीं किया। रविवार को जानबूझकर बिहार के सासाराम में राहुल जी और तेजस्वी (यादव)जी की यात्रा से ध्यान हटाने के लिए संवाददाता सम्मेलन किया।''

शिवसेना (उबाठा) नेता अरविंद सावंत ने कहा कि उनकी पार्टी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए)के अधिकांश उम्मीदवार लोकसभ चुनाव जीत गए, लेकिन पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में उनके उम्मीदवार हार गए। उन्होंने कहा, ''हमने सीसीटीवी तस्वीरें मांगी थीं। कल हमारे मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि वह इसे देने में असमर्थ हैं, क्योंकि इससे महिलाओं की निजता पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा।''

सावंत ने कहा, ''संविधान ने हमें वोट देने का अधिकार दिया है। वे इसे छीनने की कोशिश कर रहे हैं। सिर्फ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि लोगों को भी यह देखने की जरूरत है कि वे (भाजपा) कैसे सत्ता में आ रहे हैं।''

## संसद परिसर में विपक्ष का एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

नयी दिल्ली, (भाषा) बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में, विपक्षी दलों के सदस्यों ने ''वोट चोर, गद्दी छोड़'' और ''वोट चोरी बंद करो'' के नारे लगाए।

प्रदर्शन कर रहे सदस्यों ने ''वोट चोरी बंद करो'' लिखा एक बड़ा बैनर हाथों में पकड़ा हुआ था और पोस्टर लिए हुए थे जिस पर ''एसआईआर बंद करो'' लिखा था।

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दलों के नेता संसद के मकर द्वार के ठीक बाहर पोस्टर और बैनर लिए देखे गए। समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्यों ने अपने नेता अखिलेश यादव द्वारा निर्वाचन आयोग को दिए गए हलफनामे की प्रतियां भी दिखायीं, जिसमें उन्होंने आयोग पर पिछड़े समुदायों के मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप लगाया है।

खरगे ने विपक्ष के प्रदर्शन का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, ''भारत निर्वाचन आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख होकर राजनीतिक दलों के वास्तविक प्रश्नों से बच नहीं सकता। 'मतदान का अधिकार' भारत के संविधान द्वारा हमें दिया गया सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र का गला घोंटने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा।''

खरगे ने बाद में राज्यसभा में एसआईआर का मुद्दा उठाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। उन्होंने बाद में एक पोस्ट में कहा, ''वोट देने का अधिकार हमें संविधान ने दिया है और इसे छीनने का अधिकार किसी को नहीं है। निर्वाचन आयोग हमें डरा-धमका रहा है, लेकिन हम उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम लोकतंत्र के लिए लड़ते रहेंगे।''

इस बीच अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए मौर्य, पाल, बघेल और राठौड़ समुदायों सहित कई पिछड़े समूहों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''सच्चाई यह है कि उनके वोट काटे जा रहे हैं। सपा ने पहले भी यह मुद्दा उठाया था, लेकिन यह समझना ज़रूरी है कि ऐसा जानबूझकर पिछड़े वर्गों के वोट काटने के लिए किया जा रहा है, जबकि यह दिखाया जा रहा है कि ये वोट कहीं और जा रहे हैं।''

यादव ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने उन निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां वे मामूली अंतर से हारे थे और जहां मतदाताओं के नाम हटाए जाने की भूमिका थी। उन्होंने आरोप लगाया, ''यही वह चीज़ है जिसकी हम कम समय में पहचान कर सकते हैं। अगर हमें मतदाता सूचियां हमारे द्वारा मांगे प्रारूप में मिल जाएं, तो हम ऐसे और मामले उपलब्ध करा सकते हैं। 2019 में डाले गए वोट 2022 तक हटा दिए गए। मतदाता पहचान पत्र बनाने की एक उचित प्रक्रिया भी है, लेकिन उसकी अनदेखी की जा रही है।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

विपक्ष द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार किए जाने की अटकलों के बीच, कांग्रेस नेता नसीर हुसैन ने संवाददाताओं से कहा कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए हर लोकतांत्रिक तरीका अपनाएंगे कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त 'निष्पक्ष' रहें।

विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है और आरोप लगा रहा है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले ''मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है।'' विपक्षी सदस्य दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष व सांसद प्रिंस राज ने केंद्रीय कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराया

### राष्ट्रीय महासचिव एल्विस जोसेफ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में 79 स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर के पूर्व सांसद एवं बिहार के प्रदेश अध्यक्ष (रालोजपा) माननीय प्रिंसराज पासवान , रालोजपा के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्री एल्विस जोसफ के साथ पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा ने तमिलनाडु चुनाव में लाभ के लिए राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित किया : द्रमुक

**चेन्नई,** (भाषा) द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता टी.के.एस. इलांगोवन ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी फायदे को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित किया है, क्योंकि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव एक साल से भी कम समय में होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य लोगों को धोखा देना है क्योंकि राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार नामित करने से तमिलनाडु को ''कोई फायदा'' नहीं होगा। द्रमुक नेता ने स्पष्ट संकेत दिया कि उनकी पार्टी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का समर्थन नहीं करेगी।



उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन भाजपा के कार्यकर्ता हैं और पार्टी द्वारा दूसरे शीर्ष संवैधानिक पद के लिए उनका नामांकन उनकी पदोन्नति है तथा इससे तमिलनाडु का ''कोई भला नहीं होने वाला है।'' राज्यसभा के पूर्व सदस्य इलांगोवन ने सवाल किया कि द्रमुक को राधाकृष्णन के नामांकन का समर्थन क्यों करना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना में दो और शव

चिशोती (जम्मू कश्मीर), (भाषा) जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से प्रभावित सुदूरवर्ती गांव में मलबे से दो और लोगों के शव बरामद किए गए, जिससे प्राकृतिक आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश और दुर्गम इलाकों में बचाव दल ने लापता लोगों का पता लगाने के लिए सोमवार को भी बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी रखा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



रेनकोट पहने बचाव दल के कर्मी कई स्थानों पर खासकर लंगर (सामुदायिक रसोई) स्थल के पास भारी बारिश के बावजूद काम करते देखे गए। बचाव दल जेसीबी मशीन, श्वान दस्ते और अन्य मशीनों का उपयोग करके मलबे को हटाते दिखे।

अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर दो शव बरामद किये गये, जिनमें से एक महिला का है। उन्होंने बताया कि महिला का शव कुकुंदरा गांव के पास एक घाटी में मिला, जबकि दूसरा शव एक मंदिर के पास से बरामद किया गया।

मचैल माता मंदिर मार्ग पर चिशोती गांव में 14 अगस्त को बादल फटने से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तीन कर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कुल 167 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि आज सुबह सूची में नए सिरे से किए गए संशोधन के बाद लापता लोगों की संख्या घटकर 39 रह गई है। सेना की जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में कहा कि बल की पांच राहत टुकड़ियां बचाव एवं राहत कार्यों में लगी हुई हैं तथा अतिरिक्त चिकित्सा टीम को तैनात करके प्रयासों को और बढ़ा दिया गया है। इ

सने कहा, ''प्रतिकूल भूभाग और मौसम के बावजूद चिशोती नाला पर पुल का निर्माण 17 अगस्त को पूरा हो गया, जिससे राहत एवं बचाव अभियान में तेजी आई। अभियान को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त उपकरण भेजे जा रहे हैं और अभियान की निगरानी के लिए सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।'' मौके पर राहत एवं बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए प्रशासन के साथ काम किया जा रहा है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को घोषणा की कि अगले आठ दिनों तक चिशोती में हर दिन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक-एक वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए जाएंगे। कुल मिलाकर 10 वरिष्ठ अधिकारी होंगे।

सरकार के आयुक्त सचिव एम. राजू द्वारा जारी आदेश में कहा गया, ''हाल ही में बादल फटने की दुखद घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी के लिए, रोस्टर के अनुसार अधिकारियों को किश्तवाड़ जिले के चिशोती में तैनात किया जाएगा।''

## संसद ने भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दी; बंदरगाहों के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान

नयी दिल्ली, (भाषा) संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। चर्चा के दौरान कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य उच्च सदन में मौजूद नहीं थे। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक के पारित होने के बाद सदन की बैठक अपराह्न चार बजकर 15 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी।

इस विधेयक पर चर्चा शुरू होने के समय कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर चर्चा कराने की अनुमति नहीं मिलने के विरोध में सदन से वाकऑउट किया। सोनोवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक तटीय राज्यों, उद्योग से जुड़े हितधारकों और जनता के साथ व्यापक परामर्श का परिणाम है, जो सहकारी संघवाद की भावना को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''यह सुधारों की शक्ति है। इसके जरिए हम भारत को दुनिया के अग्रणी समुद्री देशों में से एक बनाने जा रहे हैं।''

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569 I प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।